


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 167 | ग्वालियर बुधवार, 05 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## कारतूस हूं, झुकेगा नहीं, घुसेगा, उद्धव ठाकरे ने कहा बकवास गृह मंत्री तो देवेंद्र फडणवीस ने दिया पुष्पा स्टाइल में जवाब



पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी की महिलाओं पर ठाणे में हुए हमले को लेकर शिंदे गुट पर हमला किया. उन्होंने कहा कि आनंद दीघे के ठाणे को गुंडों की ठाणे करने का प्रयास चल रहा है. ठाकरे ने एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री नहीं गुंडा मंत्री कहना चाहिए है. उन्होंने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ठाकरे ने बेकार गृह मंत्री बताया. वहीं नागपुर में गौरव यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को जवाब देते हुए कहा कि मै फरतूस नहीं कारतूस हूं. झुकेगा नहीं साला, घुसेगा.उद्धव ठाकरे ने कहा कि महिला गुंडों की एक गैंग बनाई गई है. मैं ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करता लेकिन महिला गुंडागर्दी करने लगे तो देश, महाराष्ट्र और ठाणे का क्या होगा. हम अभी चाहें तो इनकी गुंडागर्दी उखाड़ के फेंक सकते हैं. हम चाहें तो ये गुंडे और फर्जी शिव सैनिक जो बालासाहेब ठाकरे का फोटो लेकर नाच रहे हैं, उन्हें हाथ में भगवा और बालासाहेब की फोटो लेने का अधिकार नहीं है. ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि महिलाओं का इस्तेमाल करने वालों को नपुंसक कहना चाहिए. सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात यह है कि आपसे मिलने से पहले मैं कमिश्नर कार्यालय गया तो वहां कमिश्नर ही नहीं है. रोशनी शिंदे (उद्धव गट की कार्यकर्ता) ने अपनी शिकायत में गुंडागर्दी करने वाली महिलाओं के नाम भी लिखे हैं. गर्भवती रोशनी अपना इलाज करा रही थीं. इस दौरान उनके मना करने पर पेट पर लात मारी गई. ऐसे लोग ठाणे और महाराष्ट्र में रहने लायक नहीं है.उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि मैं रोशनी से मिला तो उन्होंने बताया कि किसी तरह का कमेंट नहीं किया था. इसके बाद रोशनी से माफी मांगने का वीडियो करने को बोला गया वो भी किया, लेकिन इसके बाद कई महिलाओं को बुलाया गया और मारपीट की गई. ठाकरे ने आगे कहा कि यह राज्य गुंडा गर्दी का है. अब मुझे ऐसा लगता है कि शिंदे को मुख्यमंत्री कहना चाहिए या गुंडा मंत्री कहना चाहिए.आपको बता दें कि रोशनी पर आरोप है कि उसने फेसबुक पर शिंदे सरकार के संदर्भ में अपमानजनक पोस्ट किया. इसके बाद शिंदे गुट की महिला कार्यकर्ता नाराज हो गई और उन्होंने रोशनी के साथ मारपीट की.

### न्यूज ट्रैक

## झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए बीजेडी ने नब किशोर दास की बेटी को बनाया उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** ओडिशा की झारसुगुड़ा विधानसभा के उपचुनाव के लिए बीजू जनता दल ने दिपाली दास को उम्मीदवार बनाया है. दिपाली दास राज्य के दिवंगत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की बेटी हैं. जनवरी में नब किशोर दास की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. उसके बाद से झारसुगुड़ा सीट रिक्त चल रही है. इस सीट पर उपचुनाव होना है. उसके लिए बीजेडी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की बेटी पर ही भरोसा जताया है. शुक्रवार ने बीजेडी ने दिपाली दास को उम्मीदवार बनाए जाने की अधिसूचना जारी की, जिसमें बीजू जनता दल प्रमुख और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के हस्ताक्षर भी हैं. बता दें कि इसी 29 जनवरी को झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर में एक जन शिकायक केंद्र के उद्घाटन के लिए पहुंचे नब किशोर दास को एक पुलिसकर्मी ने गोली मार दी थी. इसके बाद भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान दास ने दम तोड़ दिया था. नब किशोर दास के निधन से झारसुगुड़ा सीट रिक्त हो गई थी. नव किशोर दास की हत्या का आरोप ओडिशा पुलिस के एक एएसआई गोपाल दास पर है. दास के निधन पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा था कि वह पार्टी के लिए एक संपत्ति के समान थे जिन्होंने बीजेडी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी.

## ...और फिर घर से निकलना शुरू हो गया धुआं

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में हुए एक हादसे में शुक्रवार (31 मार्च) को 6 लोगों की मौत हो गई. हादसे की वजह मॉस्कीटो कॉइल की वजह से गद्दे में आग लगना बताया जा रहा है. डीसीपी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के



अनुसार उन्हें शनिवार सुबह लगभग 9 बजे सूचना मिली कि बुलंद मस्जिद के पास एक घर में आग लगी है. इसके बाद पुलिस और आसपड़ोस के लोगों ने आग बुझाने का काम किया गया और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने से घर में भरे धुएं की चपेट में आने से 9 लोग बेहोश हो गए थे. उन्होंने बताया कि मशक्कत के बाद सभी 9 लोगों को बाहर निकाला गया और पास के ही प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया. अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में 6 लोगों की मौत हो गई. साथ ही एक युवक को फर्स्ट एड के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 2 को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक आस प?ौस में रहने वाले लोगों का कहना है कि सहरी के समय तक सब कुछ ठीक था, लेकिन सुबह लगभग 7.30 से 8 के बीच घर के अंदर से धुआं बाहर आता हुआ नजर आ रहा था. इसके बाद उन्होंने पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस को सूचना दी. आस पड़ोस के लोगों का कहना है कि घर के सेकंड फ्लोर पर जीन्स का कारखाना है. इसके अलावा उन्होंने बताया कि घर में काफी लोग रहते थे और किराएदार भी रहते हैं. पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है. हमारे जिले की डिजास्टर टीम मामले की जानकारी मिलने के बाद यहां पहुंची है. हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई है. बच्चे की मां यास्मीन ने बताया कि हम पहली मंजिल पर थे और सहरी के बाद सोए हुए थे. अचानक आग लगने का पता चला. उन्होंने कहा कि पूरे घर में धुंआ भरा हुआ था. यास्मीन ने कहा कि मेरे 4 बच्चे हैं और मेरा छोटा बच्चा मर गया है और बेटी भी घायल है. यास्मीन ने कहा कि पता नहीं आग कैसे लगी.

## अहमदाबाद में पीएम मोदी के खिलाफ लगाए गए थे पोस्टर



**नई दिल्ली।** गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्टर लगाना महंगा पड़ गया. शुक्रवार (31 मार्च) को पुलिस ने कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और अब वह उनसे इस मामले में पूछताछ कर रही है. समाचार एजेंसी एएनआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया, अहमदाबाद के कई इलाकों में मोदी हटाओ, देश बचाओ के पोस्टर लगाए जा रहे हैं. इस मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है. अहमदाबाद में ये गिरफ्तारियां आप के पीएम मोदी के खिलाफ शुरू किए गए पोस्टर अभियान, मोदी हटाओ-देश बचाओ के नारे लिखे पोस्टर शहर की दिवारों पर चस्पा किए जाने के बाद शुरू हुई हैं. गुजरात की आम आदमी पार्टी की इकाई ने इस गिरफ्तारी की निंदा की है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, गुजरात पुलिस के इस कदम ने साबित कर दिया है कि देश में लोकतंत्र खतरे में है. गुजरात पुलिस की अपराध शाखा ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि आठ लोगों को इनसपुर, मणिनगर, वटवा, नारोल और वडज जैसे इलाकों में मोदी हटाओ, देश बचाओ के पोस्टर लगाकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया, ये पोस्टर आप कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को लगाए थे. इन पोस्टर को लगाने के बाद पुलिस ने कई थानों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी.

## केवल शादी न होने से बाद में रेप का आरोप नहीं लगा सकते हैं, बॉम्बे हाई कोर्ट



बम्बई हाई कोर्ट ने कहा है कि दो वयस्कों के बीच संबंध में खटास पैदा हो जाने या रिश्ते के शादी में परिणत न होने मात्र से उनमें से एक बाद में बलात्कार का आरोप नहीं लगा सकता. जस्टिस भारती डांगरे ने 24 मार्च को दिए अपने फैसले में बलात्कार के आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया.

गौरतलब है कि एक महिला ने उस व्यक्ति के खिलाफ उपनगरीय वर्सोवा थाने में 2016 में बलात्कार का मामला दर्ज किया था. इस मामले में फैसले की प्रति इस सप्ताह उपलब्ध हो पाई थी.अदालत ने कहा है, ÷दो वयस्क एक साथ आते हैं और उनमें रिश्ते बनते हैं, ऐसी स्थिति में किसी को महज इसलिए कृत्य (बलात्कार) का दोषी नहीं ठहराया जा सकता कि किसी समय दोनों के संबंध ठीक नहीं चले या किसी कारण से यह शादी में परिणत नहीं हो सका.÷महिला (26) ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि वह सोशल मीडिया के जरिए उस व्यक्ति से मिली थी और उसने शादी का झूठा वादा करके उससे शारीरिक संबंध बनाए. बाद में उस व्यक्ति ने बेगुनाही की दलील देते हुए मामले

## आफताब के साथ जेल में हुई मारपीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट में शुक्रवार (31 मार्च) को श्रद्धा वालकर मर्डर केस की सुनवाई हुई. इस दौरान श्रद्धा की हत्या के आरोपी आफताब पूनावाला के वकील ने कोर्ट में कहा कि उसके मुवक्किल के साथ जेल में बुरा बर्ताव हो रहा है. वकील ने दावा किया कि अदालत में पेशी से पहले आफताब के साथ कैदियों ने मारपीट की है. इस पर अदालत ने जेल अथॉरिटी को निर्देश दिया कि पेशी के दौरान आफताब की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए. मामले में अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी. उम्मीद की जा रही है कि उस दिन मामले में आरोप तय करने को लेकर बहस पूरी हो जाएगी. बता दें कि इससे पहले 25 मार्च को मामले की सुनवाई हुई थी. कोर्ट ने आरोपी पूनावाला पर लगे आरोपों पर जवाब देने के लिए उसके वकील को आखिरी मौका दिया था. आफताब पूनावाला पर आरोप है कि उसने पिछले साल मई में अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की नृशंस तरीके से हत्या कर दी थी और शव के 35 टुकड़े कर उन्हें कई जगहों पर ठिकाने लगाया था. आरोपी आफताब ने उसके लिए उपलब्ध कराए गए कानूनी सहायता वकील की जगह हाल में एक निजी अधिवक्ता को रखा था. पिछली



सुनवाई में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने बताया था कि आरोपी के निजी वकील ने आरोपों पर अभियोजन पक्ष की दलीलों का जवाब देने के लिए समय की मांग की थी. चूंकि नए वकील ने हाल में केस की पैरवी शुरू की थी, इसलिए अदालत ने उन्हें अवसर देते हुए मामले को 31 मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दिया था. वहीं, कोर्ट ने श्रद्धा के पिता विकास वालकर की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालती कार्यवाही में शामिल होने की अर्जी स्वीकार कर ली थी. आरोपी आफताब पूनावाला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (गुनाह के सबूत मिटाने) के तहत मामला दर्ज किया गया है. इसी साल 24 जनवरी को दिल्ली पुलिस ने मामले में 6,629 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी. चार्जशीट के मुताबिक, आरोपी आफताब ने 18 मई, 2022 को अपनी लिव-इन पार्टनर की पहले गला घोंटकर हत्या की थी, उसके बाद शव के टुकड़े करके उन्हें दिल्ली के महरौली स्थित अपने फ्लैट पर एक फ्रिज में करीब तीन महीने तक रखा था और टुकड़ों को अलग-अलग जगहों पर फेंका था. पुलिस कार्रवाई के दौरान शव के कुछ टुकड़ों को बरामद कर लिया गया था.

## राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी की नई स्ट्रेटजी

**नई दिल्ली।** ओबीसी समाज के कथित अपमान के मुद्दे पर राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी हमलावर है. पार्टी अब इस मुद्दे को और ज्यादा व्यापक बनाने की तैयारी में है. इस मुद्दे को यूपी के गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति तैयार



कर ली गई है. इसके लिए पार्टी के ओबीसी मोर्चा ने कमान संभाली है. बीजेपी ओबीसी मोर्चा अब यूपी के गांव-गांव और शहर-शहर तक में इस मुद्दे को उठाएगा. इस दौरान राहुल गांधी समेत अखिलेश यादव, मायावती और विपक्ष के दूसरे नेता भी टारगेट पर रहेंगे. बीजेपी ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के तकरीबन 20 हजार गांव में इस मुद्दे को लेकर जाने वाले हैं. यूपी बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के मुखिया नरेंद्र कश्यप ने खुद इसकी जानकारी दी है. नरेंद्र कश्यप ने एबीपी न्यूज़ को बताया, उत्तर प्रदेश में ओबीसी मोर्चा 6 अप्रैल से 14 अप्रैल के बीच गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान लांच करने जा रहा है. राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इसकी लॉन्चिंग 6 तारीख को हरियाणा से करने जा रहे हैं. उत्तर प्रदेश के सभी 6 क्षेत्रों में इसकी लॉन्चिंग करने वाले हैं. उन्होंने कहा, इस अभियान के तहत ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता पिछड़े समाज के घर-घर जाकर मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देंगे. उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी प्रवृत्ति बन गई है अपने शब्दों से समाज का अपमान करना. मोदी सरनेम को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी पर कोर्ट ने सजा सुनाई है. इसके बाद भी राहुल गांधी का अहंकार कम नहीं हो रहा है. वह अभी भी माफी मांगने को तैयार नहीं हैं, इसलिए ओबीसी मोर्चा पिछड़े समाज के लोगों के बीच यह बात रखेगा. उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी आज इतनी अहंकारी हो गई है कि पिछड़ों का अपमान करती है और माफी भी नहीं मांगती है. राहुल गांधी को मिल रहे विपक्ष के समर्थन को लेकर भी बीजेपी ने रणनीति तैयार की है. इसके तहत बीजेपी ओबीसी मोर्चा इस दौरान ना केवल राहुल गांधी को घेरेगा बल्कि अखिलेश यादव, मायावती और जयंत चौधरी की भी घेराबंदी करेगा. जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव को लेकर स्ट्रेटर्जी है कि चुनावों में वह जातिगत जनगणना और ऐसे मुद्दे की बात करते हैं, लेकिन चुनाव होते ही इस विषय पर खामोश हो जाते हैं.

## भगवंत मान की बेटी को खालिस्तानियों की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की बेटी को खालिस्तानी तत्वों की धमकी के मामले में विदेश मंत्रालय से सुरक्षा की गुहार लगाई है. स्वाति मालीवाल ने भारतीय विदेश मंत्रालय से अमेरिका में रह रही भगवंत मान की बेटी सीरत कौर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है. अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्रवाई से बौखलाएं खालिस्तानी तत्वों ने भगवंत मान की बेटी को धमकी भरे फोन किए थे. भगवंत मान और उनकी पहली पत्नी और उनके दोनों बच्चे अमेरिका में रहते हैं. स्वाति मालीवाल ने इस खबर को लेकर ट्वीट करते हुए लिखा, पंजाब के सीएम भगवंत मान की बेटी को अमेरिका में जान से मारने की धमकी मिलने की खबरें पढ़ीं. यह घोर कायरतापूर्ण कार्य है.

## हावड़ा में रामनवमी पर हुई हिंसा के पीछे हिंदू नहीं: ममता बनर्जी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रामनवमी पर हुई हिंसा के लिए बीजेपी पर हमलावर नजर आईं. उन्होंने शुक्रवार (31 मार्च) को दावा किया कि राम नवमी के दिन हावड़ा में हुई हिंसा के लिए बीजेपी और अन्य दक्षिणपंथी संगठन जिम्मेदार हैं. सीएम ने वहां के लोगों से इलाके में शांति बनाये रखने की अपील की. रामनवमी के दूसरे दिन भी हावड़ा के शिवपुर में पत्थरबाजी हुई. हालांकि, वहां स्थिति अब नियंत्रण में है. सीएम बनर्जी ने एबीपी के बांग्ला समाचार चैनल आनंदा से बातचीत में कहा, ''हावड़ा की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. हावड़ा में हिंसा के पीछे न तो हिंदू थे और न ही मुस्लिम थे. बजरंग दल और अन्य ऐसे संगठनों के साथ बीजेपी हथियारों के साथ हुई इस हिंसा में शामिल थी.'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन सभी लोगों की मदद करेगी जिनकी संपत्तियों को झड़पों के दौरान नुकसान पहुंचा. मुख्यमंत्री ने कहा, ''हावड़ा में बृहस्पतिवार को हुई हिंसा के सिलसिले में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.'' प्रशासन के एक वर्ग में शिथिलता का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि संघर्ष में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.पुलिस के अनुसार हावड़ा में राम नवमी के मौके पर दो समूहों के बीच संघर्ष हो गया. इस दौरान इलाके में कई गाड़ियों में आग लगा दी गयी और दुकानों में तोड़फोड़ की गयी.

## मोदी सरकार की नौवीं सालगिरह करीब, गरीबों की योजनाओं की दूसरी सीरीज पर है पूरा फोकस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी अगले महीने अपनी सरकार की नौवीं सालगिरह मनाने के लिए तैयार है. अब चुनावी साल में मोदी सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों तक पहुंचाने और उनके बारे में बताने पर ध्यान केंद्रित करने में लगी है. इसके साथ ही गरीबों के लिए योजनाओं की दूसरी सीरीज भी शुरू करने की योजना है.समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सरकारी सूत्रों ने कहा है कि गरीबों की योजनाओं की दूसरी सीरीज रेखांकित करती है कि कैसे कल्याणकारी उपायों के सकारात्मक प्रभाव के जरिए लोगों ने लाभ पाया है. उन्होंने बताया कि उन योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिन्होंने देश भर में बड़ी संख्या में लोगों के जीवन को छुआ है, उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाया है.इसी तरह की एक योजना में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना भी है. साल 2024 में लोकसभा चुनाव अभियान के लिए खाका तैयार करने और सत्तारूढ़ बीजेपी ने मुकाबले के लिए कमर कसते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पर ध्यान केंद्रित करने में लगी है. बीजेपी का मानना है कि इस योजना ने न सिर्फ



करोड़ों महिलाओं को लाभ दिया है बल्कि उन्हें धुएं के बिना सुरक्षित ईंधन देकर उन्हें कई बीमारियों से भी रोका है.सूत्रों ने कहा कि अब उन्हें जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है, जिससे उनका काफी समय भी बचता है. इस समय का इस्तेमाल वे खुद पर और लाभकारी रोजगार के लिए कर सकती हैं.इसी तरह देश भर में बने करोड़ों शौचालयों ने न सिर्फ स्वच्छता को बढ़ावा दिया है बल्कि गंदगी से होने वाली कई बीमारियों से भी निजात दिलाई है. इसके बारे में सूत्र ने कहा, ÷शौचालयों के निर्माण के कारण स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है. आज गरीबों के घर में शौचालय होने का मतलब है कि उनके लिए एक सम्मानित जीवन सुनिश्चित हो गया है और उनमें आत्म-सम्मान की नई भावना आ गई है.÷इसके अलावा, सूत्र ने कहा कि %नल से जल% (पानी कनेक्शन प्रदान करना) योजना के तहत, यह पहली बार है कि करोड़ों परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया है. महत्वपूर्ण रूप से, इसने महिलाओं को दूर की जगहों से पानी लाने की रोज होने वाली परेशानी से स्थायी रूप से छुटकारा दिलाया है.वहीं दूसरे सूत्र ने कहा, ÷अब, महिलाओं के पास बहुत समय बचा है, जिसका वे बेहतर उपयोग कर रही हैं. दूषित पानी से होने वाली कई बीमारियों को रोका गया है. अब हर साल लाखों बच्चों की जान बचाई जा रही है. साथ ही, अधिक संख्या में बच्चे स्कूल जा रहे हैं.÷

# कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई के दौरान पेट्रोल लेकर पहुंची महिला

## फिजिकल थाना पुलिस पर लगाया आरोप नहीं कर रहे सुनवाई

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर मैं हुई जनसुनवाई मैं एक महिला बोतल मैं पेट्रोल लेकर पहुची। महिला ने बताया कि बार बार करने के बाद भी पीड़ित महिला की फरियाद नहीं सुनी जा रही हैं फरियाद सुनु न जाने से दुखी होकर वह अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया,महिला का कहना था कि वह बार बार पुलिस से गुहार लगा चुकी है एसपी साहब को आवेदन दे चुकी हूं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। फिजिकल की पुलिस बहुत ही गंदी पुलिस है महिलाओं को गाली देती है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा माहौर निवासी ढीमर मोहल्ला फिजिकल आज दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंची और हाथ में पेट्रोल की बोतल लिए थी उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालने का प्रयास किया लेकिन उसे गार्ड ने देख लिया और उससे तत्काल पेट्रोल की बोतल छिना ली। महिला पूजा ने बताया कि वह आवेदन दे-दे कर थक चुकी हूं उसकी कोई सुनवाई नही हो रही है अब मरने के अलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं है यहां



नहीं मरी तो टंकी पर चढकर वहाँ से कूदकर जान दे दूंगी।

**पडौसी बार बार कर रहे है परेशान**-पूजा ने बताया कि उसके पड़ोसी जुगल बाथम,महेश बाथम और चुंगोली बाथम आए दिन दारू पीकर उसके साथ गाली गलौज करते है। 4 साल पूर्व वह मेरे घर के आगे बने चबूतरे से पटिया चोरी कर रहे थे तब मैंने उन्हें रोका था। इस घटना के दूसरे दिन में अपने बच्चो को लेकर स्कूल से लौट रही थी तो उन्होंने मेरे साथ मारपीट कर दी थी। इस मामले की रिपोर्ट कराई और मामला न्यायालय में चल रहा है। अब वह रोज दारू पीकर मेरे घर के आगे गाली गलौज करते है और राजीनामा करने को लेकर दबाव बनाते हुए धमकी देते है।

**फिजिकल की पुलिस सबसे गंदी पुलिस, महिला को गाली देते है**-महिला ने बताया कि फिजिकल की पुलिस सबसे गंदी पुलिस है,जब इन लोगों की शिकायत लेकर जाती हूं तो वह मेरे से गंदी गंदी गालिया देते है। मैने पडोसी की वीडियो बनाकर उन्हें भी दिखाई की यह देख लो तब भी वह लोग कोई एक्शन नहीं लेते है बल्कि मुझे ही गालिया देकर भगा देते कहते है रोज रोज चली आती हो शिकायत करने,इस पूरे मामले का में दो बार एसपी ऑफिस में आवेदन भी दे चुकी हूं लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं होती है।

# नियम विरुद्ध राशन वितरित किए जाने पर समिति प्रबंधक, शा.उचित मूल्य दुकान के विक्रेता एवं सहायक विक्रेता के विरुद्ध प्रकरण दर्ज



**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**शिवपुरी, /** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवपुरी के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा गतदिवस विकासखण्ड शिवपुरी अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उचित मूल्य की दुकान मझेरा के विक्रेता सचिन राठौर एवं आदर्श साख सहकारी समिति शिवपुरी के प्रबंधक राजकुमार राठौर एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकान सकलपुर के सहायक विक्रेता रोहित राठौर के विरुद्ध म.प्र.सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।ग्राम मझेरा के ग्राम वासियों द्वारा शिकायत की गई थी कि उचित मूल्य की दुकान मझेरा पर माह मार्च 2023 का खाद्यान्न वितरण नहीं हुआ है जबकि विक्रेता सचिन राठौर द्वारा हितग्राहियों के पीओएस मशीन में अंगूठे लगवाकर खाद्यान्न निकाल लिया गया है। गत दिवस कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिवपुरी द्वारा वनोपज सहकारी समिति सुरवाया द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान मझेरा की जांच की गई। जांच में पाया गया कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान मझेरा पर माह मार्च 2023 का राशन वितरण नहीं हुआ है। जबकि विक्रेता सचिन राठौर द्वारा हितग्राहियों के पीओएस मशीन में अंगूठे लगवाकर खाद्यान्न निकाल लिया गया है।राशन जांच के समय शासकीय उचित मूल्य की दुकान मझेरा पर आदर्श साख सहकारी समिति शिवपुरी के प्रबंधक राजकुमार राठौर एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकान सकलपुर के सहायक विक्रेता रोहित राठौर द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से वितरण करना पाया गया। उक्त अनियमितताओं के लिये शासकीय उचित मूल्य की दुकान मझेरा के विक्रेता सचिन राठौर एवं आदर्श साख सहकारी समिति शिवपुरी के प्रबंधक राजकुमार राठौर एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकान सकलपुर के सहायक विक्रेता रोहित राठौर के विरुद्ध म.प्र.सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है

# सूचना के अधिकार अधिनियम का नहीं हो रहा पालन हितग्राही को नहीं मिल रही जानकारी



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में जन सुनवाई के दौरान आवेदन देने आई महिला ने बताया कि उसने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत अंतिम सूची के संबंध में जानकारी महिला बाल विकास से मांगी थी लेकिन वह इस सूचना के अधिकार अधिनियम का पालन नहीं कर रहे और ना ही जानकारी प्राप्त कर आ रहे हैंप्राप्त जानकारी के अनुसार सुनीता जाटव पत्नी स्वर्गीय राम प्रकाश जाटव निवासी ग्राम पंचायत महोबा डामरोन तहसील पिछोर जिला शिवपुरी की निवासी है और वह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए निर्धारित योग्यता ने योग्यता रखती है जिसके बावजूद भी आला अधिकारियों ने उसे सहायता के पद पर नियुक्त किया है जबकि अभी वर्तमान में उसकी किसी रंजना को कार्यकर्ता के पद पर नियुक्त कर दिया गया है जबकि वह उस पद के लिए आयोग है जब इस बात की शिकायत पीड़ित महिला ने आला अधिकारियों से की तो उस महिला को रंजना और उसके पति एवं साथ ससुर के द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाने लगी और जिस घर में वह रहती है उस घर को जलाने की धमकी दी जाने लगी महिला अपने पति को ठीक हो चुकी है जिनकी मृत्यु कुछ समय पहले कैंसर के चलते हो गई थी अभी फिलहाल 1 पुत्र एवं पुत्री के साथ रहती है और कार्यकर्ता के पद हेतु निर्धारित योग्यता रखती है इस पद पर अयोग्य महिला को रखा गया हैं जिसके द्वारा दी गई 10वीं और 12वीं की मार्कशीट भी फर्जी हो सकती है जिसकी जांच कराया जाना अति आवश्यक है और यह महिला फर्जी बीपीएल का कार्ड इस्तेमाल करती है जिसकी जांच भी कराया जाना आवश्यक है जिसके लिए महिला द्वारा जनसुनवाई में आवेदन लगाकर संबंधित अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई गई ह

# यातायात थाना प्रभारी की बड़ी कार्यवाही 70 से अधिक मोटरसाइकिलो को पकड़कर डलवाये

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर शिवपुरी के यातायात थाना से है जहाँ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में आज यातायात पुलिस द्वारा तावड़ तोड़ कार्यवाही करते हुए 70 से अधिक बिना नंबर के शहर में संचालित मोटरसाइकिल को थाना यातायात ले जाकर कार्रवाई की गई। और थाने पर ही नंबर प्लेट लाकर एवं पेंटर को बुलवा कर गाड़ियों पर नंबर भी डलवाए गए । शहर में आए दिन हो रही घटनाओं को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है क्योकि अधिकतर होने वाली घटनाओं में इसी प्रकार के वाहन इस्तेमाल किए जाते हैं जिन पर आगे या पीछे नंबर नहीं होते हैं और पुलिस के सीसीटीवी कैमरा में बिना नंबर की गाड़ी ट्रेस नहीं



हो पाती है जिससे अपराधी तक पहुंच पाना कठिन हो जाता है। जिसके लिए हर 2 पहिया वाहनों के आगे और पीछे दोनो तरफ नंबर हो अत्यंत आवश्यक हैं हर व्यक्ति अपने साथ अपने वाहनों के पूरे कागज भी आवश्यक रूप से रखे जिससे चोरी होने बाले वाहनों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके यदि आम जनता अपने कानून के नियमो का पालन करे तो चोरी की वारदातों मैं बहुत कमी आएगी और सभी के वाहन सुरक्षित रहेंगेशहर के लोगों से यातायात पुलिस द्वारा किए जाने वाले चालान पर यह ना समझें कि यह लोग आपकी असुविधा के लिए आपको रोक रहे हैं बल्कि यह तो आपको सुविधा प्रदान करते हैं जिससे आप और आपकी गाड़ियां सुरक्षित रह सके।

# सीईओ ने सिलाई केंद्र पहुंचकर यूनिफॉर्म सिलाई के काम का किया निरीक्षण

**रामस्वरूप रजक**
**पुष्पांजलि टुडे**

महिला समूह के सदस्यों को सही साइज



और गुणवत्तापूर्ण यूनिफार्म बनाने के निर्देश दिए गए शिवपुरी, 4 अप्रैल 2023/ जिले में मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ीं स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्कूल यूनिफार्म बनाने का काम किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी ने मंगलवार को बदरवास के आजीविका भवन पहुंचकर यहां पर महिला समूहों द्वारा किए जा रहे यूनिफार्म सिलाई कार्य का निरीक्षण किया।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने महिला समूह की दीदीयों से बात की और उनके द्वारा की जा रही यूनिफार्म सिलाई का कामकाज देखा। सीईओ ने सिलाई केंद्र पर पहुंचकर यूनिफॉर्म बनाने के काम का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला समूह के सदस्यों को सही साइज और गुणवत्तापूर्ण यूनिफार्म बनाने के निर्देश दिए गए। जिले में इस समय कोलारस, बदरवास सहित अन्य स्थानों पर महिला समूह की सदस्य स्कूल यूनिफार्म की सिलाई का काम कर रही हैं। जिले में प्राथमिक और माध्यमिक छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म बनाने के लिए मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिला समूह की स्व-सहायता समूह की महिलाएं यूनिफॉर्म सिलाई के काम में लगी हुई हैं। 211 समूह की महिलाओं से अनुबंध किया गया है जिसमें 5500 महिलाओं को रोजगार मिला है।

## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के कार्य में न्यूनतम प्रगति होने पर दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**रामस्वरूप रजक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी, /** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा जनपद पंचायत शिवपुरी एवं नरवर की ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के कार्य में न्यूनतम प्रगति होने पर दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जिन्हें अपने क्षेत्र में भ्रमण कर योजना की प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायत नरवर की ग्राम पंचायत अंदौरा, सुनारी, सिलरा, पीपलखाड़ी, राजपुर एवं ढिगवास में योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षाकृत न्यूनतम प्रगति होने पर उपसंचालक कृषि यू.एस.तोमर तथा जनपद पंचायत शिवपुरी की ग्राम पंचायत गुरावल, इमलिया, बम्हारी, सतनवाड़ाखुर्द, सेवड़ा, सकलपुर, रामपुरधमकन, धोलागड़ एवं ठेह में योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षाकृत न्यूनतम प्रगति होने पर सहायक संचालक उद्यानिकी एस.एस.कुशवाह को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है।

# कंपोजिट मंदिरा दुकान की समय अवधि खत्म होने के बाद भी नही की गई खाली



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में आवेदन देने आई अल्का सिंधे ने बताया कि वह अलका सिंधे पत्नी स्वः श्री अनिल सिंधे के द्वारा उस के घर मैं खुली शराब की दुकान की समय अवधि पूरी होंफके बाद भी दुकान खाली नही की गई जिस के लिए वह पूर्व मैं भी आवेदन प्रस्तुत कर चुकी हैं एवं आपत्ति भी ली गई है कि शराब ठेकेदार फर्म सेवियर ट्रेडर्स प्रा.लि. द्वारा जबरदस्ती वार्ड क्रमांक 9 सर्किट हाउस रोड शिवपुरी पर स्थित मकान का ताला तोड़कर शराब दुकान संचालित की जा रही है। महिला विगत 01 वर्ष से ठेकेदार से उक्त मकान खाली करवाने हेतु परेशान हो रही हैं अब मकान से कलारी खाली करने और नये ठेके होने पर मेरे मकान में कलारी न रहे इसके लिए ठेकेदार को कोर्ट से भी नोटिस के चुकी हैं फिर भी आबकारी विभाग बाले उस कलारी को बंद नही कर पा रहे हैंजिस कारण आज वह कलेक्टर साहब को आवेदन देकर अपने मकान से कलारी हटवाने आई हैं क्योकि उस भवन में पारिवारिक विवाद होने के कारण 31 मार्च 2023 को लायसेंस अवधि समाप्त होते ही उक्त भवन को खाली किया जाना सुनिश्चित किया त जिस के बाद भी आज दिनांक तक मकान खाली नही किया गया हैं इस मैं आबकारी विभाग की भी मिली भगत हैं


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

Email :- cmogohad@mpurban.gov.in — Add- Fort Road, Ward No. 14, Gohad, District Bhind (M.P)

क्रमांक / न.पा./ जलप्रदाय /2023/772 — गोहद, दिनांक 31/03/2023

/ / संक्षिप्त ऑनलाईन निविदा (द्वितीय आमंत्रण) सूचना //

एतद द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नगर पालिका परिषद गोहद के कार्य हेतु निविदायें अमांत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 02 अगस्त 2021 से प्रभावी ISSR (भवन, रोड, पेयजल) व आज दिनांक तक संशोधित सहित निविदा प्रपत्र अपेन्डिक्स 2.15 पर प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | NIT क्रमांक व दिनांक | टेण्डर नम्बर |
|---|---|---|
| 1 | क्रमांक/न,पा.जलप्रदाय/2023/771 दिनांक 31.03.2023 | 2023_UAD-253198-2 |
| 2 | क्रमांक/न,पा.जलप्रदाय/2023/771 दिनांक 31.03.2023 | 2023_UAD-253200-2 |
| 3 | क्रमांक/न,पा.जलप्रदाय/2023/771 दिनांक 31.03.2023 | 2023_UAD-253201-2 |


कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर एवं कार्यालयीन समय में जल प्रदाय शाखा में देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अतः संबंधित जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोहद
जिला भिण्ड म.प्र.

# नर्मदा नदी के जल के संपूर्ण उपयोग करने में राज्य सरकार असफल साबित हुई डॉ. गोविन्द सिंह

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविन्द सिंह ने कहा है कि मध्यप्रदेश की लाईफ लाईन एवं जीवित इकाई नर्मदा नदी के जल का संपूर्ण उपयोग मध्यप्रदेश सरकार की उदासीनता के चलते मध्यप्रदेश में नहीं हो पा रहा है। राज्यों के बीच नर्मदा के मध्यप्रदेश कछार के जल बंटवारे के लिए भारत सरकार द्वारा सन् 1968 में गठित नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण द्वारा वर्ष 1979 में म.प्र.,गुजरात, महाराष्ट्र एवं राजस्थान के मध्य जल का बंटवारा किया था जिसके अनुसार मध्यप्रदेश को 18.25 मिलियन एकड़ फीट, गुजरात को 9.00 मिलियन एकड़ फीट, महाराष्ट्र को 0.25 एकड़ फीट एवं राजस्थान को 0.50 मिलियन एकड़ फीट कुल 28.00 एकड़ मिलियन एकड़ फीट का बंटवारा किया गया था। नर्मदा नदी पर मुख्य सहायक नदियां, जिनकी संख्या 41 है। इनमें से 19 सहायक नदियां दांये तट से तथा 22 सहायक नदियां बांये तट के नर्मदा से मिलती है। कुल 41 सहायक नदियों में से 39 सहायक नदियां



मध्यप्रदेश में है। केवल दो सहायक नदियां नर्मदा से गुजरात में मिलती है। नर्मदा की उक्त सहायक नदियों पर अभी तक बांधों का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे नर्मदा नदी का पानी बहकर गुजरात जा रहा है। म.प्र.शासन द्वारा जुलाई 1981 में पृथक नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण का गठन किया गया था। नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण द्वारा नर्मदा जल के समय सीमा में उपयोग सुनिश्चित करने के लिए म.प्र.शासन द्वारा नर्मदा घाटी विकास विभाग के अन्तर्गत नर्मदा नियंत्रण मंडल तथा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है ।एन.डब्ल्यूडीटी के क्लॉज 10 के अनुसार म.प्र. सरदार सरोवर डेम के लिए 8.12 मिलियन एकड़ फीट पानी छोड़ने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है, जबकि महेश्वर डेम का कार्य अपूर्ण है, जिससे मध्यप्रदेश के हिस्से का पानी निरंतर गुजरात में जा रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश उसके हिस्से का आवंटित 18.25 मिलियन एकड़ फीट में से 9.20 मिलियन एकड़ फीट पानी का ही उपयोग कर पाया है। न्यायाधिकरण द्वारा संबंधित राज्यों को आअवंटित् जल का पुनरीक्षण अवार्ड पारित होने के 45 वर्ष पश्चात् अर्थात् 07 दिसम्बर 2024 के बाद प्राधिकरण के निर्णय पर पुनर्विचार करने का प्रावधान है क्योंकि उक्तावधि की स्थिति में जो राज्य नर्मदा जल का जितना उपयोग करेगा, उस जल पर संबंधित राज्य का अधिकार होगा । इस तरह 07 दिसम्बर 2024 के बाद नर्मदा नदी के अधिकांश जल पर गुजरात का अधिकार स्थापित हो जाएगा। डॉ. सिंह ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते नर्मदा नदी की सहायक नदियों पर बांध बनाकर मध्यप्रदेश को आवंटित पूरी जल की मात्रा का उपयोग नहीं किए किया गया है, जिससे प्रदेश के नर्मदा कछार के अन्तर्गत आनेवाले क्षेत्र में जल का संकट उत्पन्न हो जाने से भूमिगत जल का स्तर भी अत्यन्त नीचे चला जाएगा । साथ ही जल की कम उपलब्धता के कारण जलाशयों के जलीय जीवों के जीवन पर संकट उत्पन्न होने के साथ ही पर्यावरण भी प्रभावित होगा । और सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी नहीं मिलने से कृषि उत्पादन घट जाएगा जिससे रोजीरोटी समस्या उत्पनन होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता ।

# लेखक प्रेम रावत की पुस्तक स्वयं की आवाज के विमोचन में बना गिनीज विश्व रिकॉर्ड पुस्तक विमोचन में पहुंचे रिकॉर्ड दर्शक

**पुष्पाजंली टुडे**

**लखनऊ।**सुप्रसिद रमाबाई अम्बेडकर मैदान रैली स्थल में प्रेम रावत जी ने एक कार्यक्रम में विशाल जन समूह को सम्बोधित किया। अवसर था उनकी नयी पुस्तक ''स्वयं की आवाड़÷ के लोकार्पण का जिसे विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक हार्पर कॉलिंस ने हिन्दी मे प्रकाशित किया है। इस अवसर पर संपूर्ण भारत से लोग प्रेम रावत जी को सुनने के लिए आये हूए थे। इस पुस्तक विमोचन समारोह को गिनीड़ विश्व रिकॉर्ड से नवाड़ा गया है जिसमें प्रेम रावत जी ने 114704 लोगों के बीच अपनी पुस्तक का विमोचन किया और जिसके परिणाम स्वरूप इस तरह के कार्यक्रम में 6786 लोगों का पुराना रिकॉर्ड टूट गया। सर्वप्रथम प्रेम रावत ने अपनी पुस्तक के कुछ पन्नों को पड़कर सुनाया जिसे पुस्तकङ्कप्रेमियों ने शांति पूर्वक सुना और उसका आनंद लिया । ''स्वयं की आवाड़÷ प्रेम रावत जी की अंग्रेजी पुस्तक ''हियर योरसेल्फ÷ का हिन्दी संस्करण है जो न्यूयॉर्क टाइम्ज़ की बेस्ट सेलर लिस्ट मे शामिल पुस्तक है। पुस्तक के लोकार्पण के पश्चात् प्रेम रावत जी ने अपने सम्बोधन में जीवन में व्याप्त शोर को शांत करने के बारे में मार्गदर्शन दिया ताकि हम अपने अंदर की असली आवाड़ सुन सकें। उन्होंने आगे कहा कि शांति मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धि है। प्रत्येक मनुष्य के अंदर शांति का भंडार है पर क्या आपने अपने जीवन में उसका अनुभव किया है या नहीं ड़ पिछले छः दशकों से मेरी कोशिश यही रही है कि मैं लोगों को यह प्रेरणा दे सकूं कि वो अपने जीवन में शांति का अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने श्रोताओं को जीवन में मात्र विश्वास से हटकर अनुभव से जुड़ने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हम सभी एक बूँद हैं, जिसमें समुद्र समया हुआ है और एक दिन यह बूँद समुद्र में समा जायगी। जब तक हम एक बूँद हैं, हम उस अनंत का अनुभव कर सकते हैं। प्रेम रावत जी ने समझाया कि यह जीवन बार बार नहीं मिलेगा। यदि हमारे जीवन में प्रकाश हो जाए तो हम सब भी उन उपहारों को पाएंगे जो हमें इस जीवन के रूप में मिले हैं । दुनिया भर मे शांति दूत के रूप मे प्रसिद्ध प्रेम रावत जी, शिक्षक, बेस्टसेलिंग लेखक और मानवतावादी शड्सियत हैं जो लोगों को अपने हृदय की आवाड़ को सुनने और अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके द्वारा लिखी पुस्तकें दुनियाभर में सबसे ज्यादा पड़ी जाती हैं। अपने संदेश को वो हमारे रोजमर्रा के जीवन से जुडी हुई दिलचस्प किस्से कहानियों और कथाओं के माध्यम आगे रखते हैं जिसे लोगों ने खूब सराहा है। ''स्वयं की आवाड'' पुस्तक में प्रेम रावत जी ने दुनिया भर में अपनी यात्राओं के दौरान, धार्मिक हस्तियों, नेताओं से लेकर विश्व की कड़ी सुरक्षा वाली जेलों में बंद लोगो के साथ अपनी बातचीत के बारे में लिखा है। स्वयं की आवाज'' पुस्तक, जीवन में भय, क्रोध और चिंता से बचने का उपाय खोजने और अपने कानों के बीच के शोर को दूर करने के बारे में है। आंतरिक शांति, सुकून व संतोष के द्वारा जीवन बदलने वाली यात्रा की शुरुआत हो सकती है। कार्यक्रम की होस्टेस भाग्यश्री दासानी द्वारा पूछे जाने पर कि स्वयं की आवाड़ पर ही ध्यान देने पर हम अपने आस पास के लोगों पर कैसे ध्यान दे पाएंगे और कैसे उनके दुखों को मिटा पाएंगे जिसपर प्रेम रावत जी ने कहा एक बुझा हुआ दिया दुसरे बुझे हुए दीयों को नहीं जला सकता उसी प्रकार जब तक हम स्वयं को नहीं जानते तब तक हम दूसरों की परेशानियों से उबरने में उनकी सहायता नहीं कर पाएंगे। आज कल के भागदौड़ की दुनिया में जहां मनुष्य परेशान है , थका हुआ महसूस हुआ करता है , प्रेम रावत जी बताते है कि हर एक मनुष्य के अंदर शांति का सुंदर संगीत बज रहा है , जिसको हम अपने ही भीतर सुन सकते हैं और शांति को प्राप्त कर सकते हैं।






# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अम्बाह नगर के सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

अम्बाह नगर पालिका सीएमओ की हठधर्मिता, मनमानी और तानाशाही पूर्ण रवैये के विरुद्ध अम्बाह नगर के समस्त सफाई कर्मचारी पिछले दोनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए लेकिन नगरपालिका प्रशासन ने अभी तक उनकी जायज मांगों का समाधान करना तो दूर, दो कदम दूर बैठे सफाई कर्मचारियों से बातचीत करना भी सुनिश्चित नहीं किया है।हड़ताल के तीसरे दिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बाह ने अपना खुला समर्थन देते हुए कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने तीन दिवस के भीतर कर्मचारियों की समस्याओं का बाजिव समाधान प्रस्तुत नहीं किया तो सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा।

**हड़ताल में शामिल** -कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष श्री उमाचरण कटारे, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखवार, पार्षद जय राजोरिया, सुनील सखबार, देवेन्द्र सखबार, शिवनारायण सखबार, बृजकिशोर सखबारड़ ललिता अतेंद्र सैनी महेश विकल सचिन छारी तरुणेश तोमरड़ देवेंद्र दादोरिया अजय टेकुले गंगा सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से कहा कि हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत बहाल किया जाए, नियमानुसार वेतन वृद्धि और अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए एवं कर्मचारियों के साथ दोयम दर्जे का बर्ताव करने वाले सीएमओ को निलंबित किया जाए। नहीं तो उग्र आंदोलन होगा जिसके लिए प्रशासन उत्तरदाई होगा। आगे की रणनीति के लिए पार्टी अध्यक्ष श्री उमाचरण कटारे कांग्रेस के सभी साथियों के साथ बैठक कर, समर्थन पत्र दिया।

# क्षत्रिय सरगरा समाज युवा संगठन मुंबई छठवां होली स्नेह मिलन को लेकर तैयारियां जोरों शोरों पर




**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**मुंबई** -भिवण्डी में विशाल होली स्नेह सम्मेलन 9/अप्रैल/2023 कोक्षत्रिय सरगरा युवा संगठन मुंबई के तत्वाधान में वार्षिक होली स्नेह मिलन एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह,9/अप्रैल/2023 को भिवंडी में आयोजित होगा। आपको बता दें कि भिवंडी के वराल माता मन्दिर भवन भिवण्डी में आयोजित होने जा रहा है। क्षत्रिय सरगरा समाज युवा संगठन मुंबई के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान सेपटावास ने बताया कि समारोह में फिल्म अभिनेत्री टिना प्रजापति, सुप्रसिद्ध भजन गायिका कविता पवांर, एवं सुप्रसिद्ध भजन गायक मोहित देवडा सोजत, नृत्यांगना हेमा धर्मेंद्र अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। होली स्नेह मिलन समारोह में मंच संचालक राष्ट्रीय उद्धघोषक मुरलीधर सागर व राष्ट्रीय उद्धघोषक मुकेश हिरावत खारडा करेंगे। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आयोजक, अध्यक्ष अर्जुन भाटी, भंवर भाटी,राज परमार, दिनेश दहिया,शरत सोलंकी,रतन चौहान, भावेश धवल,लक्ष्मण चौहान, नारायण राठौड़, अशोक दहिया,तारूजी नाशिक,प्रेम रतन भाटी, सुखदेव हिरावत, जगदीश राठौड़, गोविंद पंवार , ताराराम सोलंकी,शैलेश कुमार, सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता तैयारियो में झूठे हुए हैं। सक्रिय समाज सेवी अर्जुन चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में बडी संख्या में भारत वर्ष के समाज बंधू एवं तमाम समितियां, संत गण महिलाएं बच्चे मौजूद रहेंगे।

# विधायक संजीव सिंह ने निर्माण किए जा रहे शहीद स्मारक का किया निरीक्षण



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता भिंड विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने शहर में वीर शहीदों के सम्मान में 1 करोड़ की लागत से निर्मित होने जा रहे %शहीद स्मारक% के निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने समय सीमा में निर्माण कार्य करने के पूर्व ठेकेदार को निर्देशित किया

विधायक संजीव सिंह कुशवाह, संजू ने सम्बंधित अधिकारियो के साथ %शहीद स्मारक% स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।सम्बंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार से निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण कर रहे थे किरदारों को कहा कि यह तीर शहीदों के सम्मान में स्मारक का निर्माण किया जा रहा है यह हमारे स्वर का प्रतीक है इसमें गुणवत्ता के आधार पर निर्माण किया जाए अच्छा सा अच्छा मटेरियल लगाया जाए ताकि लोगों को देखें कि यह निर्माण वीर सपूतों के सम्मान में स्थापित किया गया है किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अच्छा सच्चा मटेरियल लगाकर इसका निर्माण किया जाए।

# समाधान आपके द्वार कार्यक्रम की वर्चुअली बैठक

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रोहित आर्य द्वारा समझौता से समाधान के तहत ÷समाधान आपके द्वार÷ कार्यक्रम के संबंध में चंबल - ग्वालियर संभाग के जिला न्यायाधीश, कमिश्नर, कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक की बैठक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ली गई। इस दौरान जिला न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया,चंबल - ग्वालियर कमिश्नर दीपक सिंह,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एडीएम जेपी सैयाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे सहित अन्य अधिकारी वर्चुअली जुड़े।

## लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर में प्रांत पाल की आधिकारिक यात्रा संपन्न

प्रांत के सबसे पुराने एवं सबसे बड़े लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर में सातवीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में प्रांत के प्रांत पाल लॉयन रोशन सेठी की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई7 बोर्ड मीटिंग की अध्यक्षता लॉयन अनुपम तिवारी ने की उनके द्वारा किये गए कार्यो का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया7 प्रांत पाल द्वारा जुलाई से लेकर अब तक किए गए 300 प्रोजेक्ट करने पर लॉयन अनुपम तिवारी को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष की पिन से सम्मानित किया गया7

प्रांत पाल महोदय ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब ग्वालियर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं संपूर्ण बोर्ड को धन्यवाद भी दिया7 इसी दौरान प्रांत पाल को कैंसर हॉस्पिटल में प्रस्तावित बच्चों के कैंसर के परिजनों के लिए बनाए जा रहे हॉस्टल की भूमि का भी निरीक्षण किया गया

## विधायक ने वनखंडेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पृथ्वीराज चौहान द्वारा स्थापित बैंड शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल बन खंडेश्वर महादेव मन्दिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक संजीव सिंह संजू ने कहा भिण्ड के जन - जन की आस्था के केन्द्र बाबा वनखण्डेश्वर महाराज मन्दिर का कायाकल्प कर भव्य अलौकिक रूप प्रदान किया जा रहा है। श्री कुशवाह ने सम्बंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार से निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।उन्होंने शहर के बी टी आई रोड़ पर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया।बी टी आई रोड़ पर चल रहे सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर सम्बंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार से निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। विधायक श्री कुशवाह ने निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि नगरपालिका, सी एम ओ, इंजीनियर एवं अन्य प्रशासनिक अमला साथ रहा।


## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मोहना ग्वालियर

दिनांक 05.04.2023

### विज्ञप्ति

नवीन सत्र 2023-24 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मोहना, ग्वालियर में खाद्यात्र । आपूर्ति हेतु इच्छुक एजेंसियां अपने बंद लिफाफे में कोटेशन दिनांक 10.04.2023 शाम 05 :00 बजे तक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मोहना, ग्वालियर आमंत्रित कर सकते हैं जिस फर्म के कोटेशन में खाद्यान्न की दरें सबसे कम होंगी उस फर्म से सामान क्रय किया जा सकेगा।

**खाद्यान्न सामग्री**

सब्जियां फल दूध गेहूं दलिया दाल चीनी मसाले मिर्ची छुहारे तेल रिफाइंड काजू बादाम एवं सफाई सामग्री फिनायल तेजाब इत्यादि ।

**दिनांक-** 05.04.2023

**वार्डन**
**श्रीमती मेहरून निशा**


# मप्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अहतों को बंद करा कर पुण्य कार्य किया : सरोज जोशी

## आहतों के बंद होने से समाज पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती सरोज जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दिल की गहराइयों से धन्यवाद देती हू, की उन्होंने मध्यप्रदेश के अहतों को बंद करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया मुख्यमंत्री की दूर दृष्टि की आप कल्पना भी नहीं कर सकते है क्योंकि अहतों का दर्द वही मां, बेटी, बहन और पत्नी समझ सकती है जिनके परिवार के लोग अहाते से संबंध रखते है अहाते जाते है और अहतों में काम करते है हमारे मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश के अहतों को बंद करा कर कितना पुण्य अर्जित किया है कितनी माता और बहनों की दुआ आशीर्वाद उनको प्राप्त हो रहा है अहाते के बंद होने से समाज में एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जहां एक ओर युवाओं को वहा से छुटकारा



मिलेगा तो दूसरी ओर पुरुष वर्ग जो अहाते में बैठ कर पीते थे अब इतने बेशर्म तो नही बनेंगे की घर में मां,बेटी,बहन के सामने पिएं इस प्रकार समाज में शराब की लत भी कम होगी जिससे कई परिवार में संपन्नता भी आयेगी परिवार टूटने से बचेंगे परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है ओर जब परिवार में खुशियां आएगी तो समाज फिर से संपन्न होगा शराब की लत से मध्य प्रदेश के यूवा पीढ़ी पर कितना गलत प्रभाव पड़ रहा था ये हम मां,बहन,बेटियों से ज्यादा कोई नही बता सकता है क्योंकि जब शराब पीकर किसी मां,बहन,बेटी के पिता ,भाई या पति घर पहुंचते थे तो घर में लड़ाई झगड़ा कर बहनों का खाना ओर सोना सब कुछ हराम हो जाता है कई बहने तो मार पीट की भी शिकार होती थीं मैंने कई परिवार शराब पीने के कारण उजड़ते हुए देखे है.मैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा करना चाहती हूं जिनोन्हे मध्यप्रदेश की बहन,बेटियों का दर्द समझा ओर 1अप्रैल से मध्यप्रदेश के सभी अहतों को बंद करा कर मध्य प्रदेश की मां, बहन ,बेटियों को अमन चैन खुशाली से परिवार में रहने की सौगात प्रदान की है मैं मध्यप्रदेश की एवं जिले की सभी मां,बहन,बेटियों से निवेदन करना चाहती हूं की आप सभी को अब में डर कर नही डटकर मुकाबला करने की शक्ति हमारे प्रिय भाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शक्ति प्रदान की है आपको अपने आसपास कहीं भी 2 नंबर में अहाते खुले मिलें तो तुरंत 181 पर कॉल कर शिकयत दर्ज कराए क्योंकि जब हमारी समाज की बहन,बेटियां जागरूक होंगी तभी हम सही तरीके से किसी भी कानून का पालन करा सकेंगे।


## नाम परिवर्तन सूचना

में शपथ कर्ता मेरा नाम कृति सिंह सिकरवार शादी से पहले मेरा सरनेम सिकरवार था शादी के बाद सरनेम कुशवाह हो गया था।अब मेरा डाइवोर्स हो गया है। अतः अब मेरे सारे दस्तावेज जैसे आधार पेन कार्ड अन्य पर मेरा नाम कृति सिंह है।

अतः अब मुझे कृति सिंह के नाम से जाना पहचाना जाए।

**प्रार्थी**
**कृति सिंह**
E -69/70 हरिशंकर पुरम
ग्वालियर 474001 (MP)
मोब.नं 7999350655

# छत्तीसगढ़ राज्य डेयरी उद्यमिता योजना से दुग्ध उत्पादन किसानों को मिला ऋण, किसानों के चेहरे पर दिखा खुशी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद ।** छत्तीसगढ़ राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना से अब किसानों के चेहरे खिल उठे है इस योजना के तहत देवभोग ब्लाक के गोपालकों को लाखों रुपये ऋण मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे है, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी सुनीता शर्मा ने किसानों को बताया कि जिला सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने समस्त शाखा प्रबन्धको को निर्देशित किया है कि किसानों को बैंक की ऋण सुविधा का लाभ तत्काल मिलना चाहिए इसी का सकारात्मक परिणाम देशों में भी दिख रहा है सहकारी बैंक रायपुर में किसानों को तत्काल हर सुविधा का लाभ मिल रहा है देवभोग ब्लॉक के कदलीमुड़ा की किसान नेपुरो पति गंगाधर, प्रमिला पति काशीराम, श्याम्बर पिता मानसिंह व माहुलकोट के किसान गोकरण पिता दाऊराम को इस योजना का लाभ मिल गया है जहाँ दुग्ध उत्पादन करने वाले किसान नेपुरो को दो लाख, प्रमिला को दो लाख, श्याम्बर को 2 लाख तो वहीं गोकरण को 1 लाख 80 हजार का ऋण प्राप्त हुआ है अब सहकारी बैंक रायपुर में किसानों को तत्काल हर सुविधा का लाभ मिल रहा है किसानों को पहली बार सहकारी बैंक से ?200000 तक मोटरसाइकिल दिन भी प्रदान किया जाता जा रहा है बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा ने भी बताया कि बैंक किसानों को अल्पकालीन मध्यकालीन और दीर्घकालीन एड़ियों के साथ गोपालन मत्स्य पालन के लिए ऋण सुविधा प्रदान करता है तो वही जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक अमर सिंह धुर्वे बताया कि गोहरापदर क्षेत्र में किसानों को सुविधाओं का लाभ प्रदान करने का संकल्प लिया गया है।छत्तीसगढ़ राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना 2022 छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी व्यवसाय की अपार संभावनाएं उपलब्ध कराती है दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादकों की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई मांग को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के प्रत्येक जिले में डेयरी काय की स्थापना किया गया है उन्नत नस्ल गाय भैंस पालन एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में उभर रहा है युवाओं को डेयरी क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना को शुरू किया गया है यह योजना न सिर्फ नवीन उद्यमियों को डेयरी की स्थापना हेतु प्रेरित करता है साथ ही वर्तमान में गाय भैंस पालन कर रहे पशुपालकों को भी पशुधन संख्या की बढ़ोतरी में भी सहायक सिद्ध करती है जिससे राज्य में दुग्ध उत्पादन एवं आपूर्ति में वृद्धि होगी ।



## पहली प्रसव के बाद 26 साल की लक्ष्मी सोनवानी हों गई नेत्रहीन मदद की लगा रही गुहार



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग के ग्राम पंचायत निष्ठीगुड़ा महिला 26 साल की लक्ष्मीबाई सोनवानी पति पोखराज सोनवानी इनकी विवाह वर्ष 2020 में हुआ था, पहली प्रसव के पश्चात पहले बच्चे को जन्म देने के चार महीने बाद ही दोनों आंखों से दिखना बंद हो गया।एक तरफ संतान का सुख था तो दुसरी ओर नेत्रहीन होने का दुखों का पहाड़।समस्या को लगभग दो वर्ष होने जा रहा हैं।कम उम्र में ही अपने आंखों की रोशनी खोने के बाद लक्ष्मीबाई टूट सी गई है मानो जिंदगी ने लक्ष्मीबाई के सारे सपनों को काजल सी काली कोठरी में कैद कर रख दिया हो।जब कोई व्यक्ति दोनो आंखें होने के बावजूद कई तरह के ठोकरें खाता हैं, पता नहीं नेत्रहीन लक्ष्मी को कीतने दर्द के ठोकरों से गुजरना पड़ रहा होगा। अब लक्ष्मीबाई की बुढ़ी सास मां का जिम्मेदारी निभाते हुए अपनी बहू और नाती का देखभाल करती है खाना खिलाने से लेकर नहाने व शौचालय जैसे दैनिक कार्यों में बहू का हाथ पकड़कर सभी कार्यों मे सास लक्ष्मीबाई के नेत्र बनकर सारे चुनौतियों का सामना करते सब कुछ सम्भालना रही हैं सास बुजुर्ग होने के बावजूद बहू के हिस्से की सारी काम करती दिख जायेगी जैसे घरेलू काम खाना बनाना, कपड़े धोना, अपने छोटे पोता का परवरिश करना अपने बुड़े कंधों के सहारे ढो रही हैं। लक्ष्मीबाई ने अपनी तकलीफ बताते हुए कहा की अब मुझे कुछ अच्छा नहीं लगता क्योंकि मेरा जीवन अब अंधकार के घनघोर काले बादलों में कहीं खो चुका है। मैं पहले देख पाती थी तो सारा काम कर लेती थी मजदूरी कर परिवार के लिए आर्थिक रूप से भी कुछ कर लेती थी लेकिन अब मुझे मेरी जिंदगी श्राप सी लगने लगी है। घर की माली हालत भी काफी खराब है पति महिनों बाहर रह कर काम करते हैं और अपना घर चला पाता है।लक्ष्मीबाई का मांग है कि यदि सरकार के किसी भी प्रकार के लाभदायक योजना के श्रेणी में आती हो तो उसे वो सारी लाभ मिले ताकि उसके परेशानियों में कुछ मदद हो सके। लक्ष्मीबाई सोनवानी के ससुर उमेश कुमार सोनवानी कहते हैं कि मेरी बहू के आंखों की रोशनी जब से चली गई हैं तब से हम दोनों पति पत्नी को ही देखरेख करना पड़ता हैं बहू का नेत्रहीन विकलांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिला भी अस्पताल के चक्कर काटने के बाद शिविर के माध्यम से प्रमाणपत्र दिया गया है। प्रमाण पत्र होने के बावजूद अब तक कोई सरकारी मदद नहीं मिल पाया है। पीड़िता के परिवार शासन और प्रशासन से गुहार लगाते हुए चाहते हैं कि बहू लक्ष्मी बाई सोनवानी का आंखों के इलाज के लिए पहल करे ताकि वह सुख से जीवन व्यतीत कर सके, यहीं लक्ष्मीबाई का सरकार से प्रार्थना हैं, देवभोग के गरीब,मजदूर,बेसहारा,बेबस ,लाचार इंसानो के मदद के लिए हम आप सबको आगे आकर देवभोग के जनता के लिए हमें एक नई उम्मीद का किरण बनना होगा ताकि कोई भी खुद को अकेला ना पाये

### धर्म परिवर्तन से गुमराह होने वाले लोगों को साथ लाने की जरूरतः चंद्रशेखर साहू

# चौबेबांधा की रामायण सम्मेलन के दूसरे दिन अतिथियों ने किया उद्गार व्यक्त, विभिन्न मानस मंडली उनकी शानदार प्रस्तुति

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद राजिम ।**चौबेबांधा में चल रहे राज्य स्तरीय सम्मेलन के दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्श्र जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ी है जो निश्चित रूप से राम की कृपा है। सनातन संस्कृति अत्यंत प्राचीन है। हमारी परंपरा को विदेशी आक्रांताओं ने नष्ट करने का भरपूर प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। धर्म की रक्षा करने की जिम्मेदारी हम सब की है। धर्म परिवर्तन गांव की एकता को तोड़ने का प्रयास है। गुमराह हो रहे ऐसे लोगों को साथ में लाने के लिए हम सबको भरसक प्रयास करने की जरूरत है क्योंकि वह भी हमारे भाई बंधु है। उन्होंने कहा कि अंचल में बड़ी संख्या में रामायण सम्मेलन का कार्यक्रम होना ही लोगो की धार्मिकता को प्रकट करते हैं। रामायण समिति की मांग पर मानस भवन के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि मनुष्य बुद्धिजीवी प्राणी है दुर्गुण को हटाने के लिए सत्संग की जरूरत है।स्वर्ग और नर्क को खोजने की जरूरत नहीं है मेरे विचार से यह काल्पनिक है। मां की गोद और धरती मां ही स्वर्ग है इनके सेवा से स्वर्ग से भी बड़ा पद पा सकते हैं। मां ना होती तो हम ना होते। उनका सम्मान करना ही सबसे बड़ी भक्ति है। जिस गांव की मिट्टी में खेले कूदे हैं यहां के हवा पानी अग्नि का उपयोग किए हैं तो गांव की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी भी हमारी बनती है। जीवन अत्यंत छोटी है हमें अपने बेटियों के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उस पेड़ का भी नाम बेटियों के नाम पर रख दे और जिस तरह से बेटी का पालन पोषण में हम समय देते हैं उसी तरह से पेड़ को बड़े करने के लिए उनकी सुरक्षा का ख्याल रखें। विशिष्ट अतिथि के आसंदी से राजीव भक्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि धर्म और संस्कृति लोगों को जोड़ने का काम करती है टीवी मोबाइल इंटरनेट व्हाट्सएप फेसबुक यूट्यूब के जमाने में भी वैदिक रीति रिवाज देश-विदेश में छाया हुआ है। धर्म जीवन जीने की कला बताती है जिन के मार्ग पर चलकर मनुष्य जीवन को सफल बनाया जा सकता है।भाजपा नेता रामूराम साहू ने कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने की शिक्षा रामचरित्र मानस से मिलती है माता-पिता गौ माता की सेवा ईश्वर सेवा से कम नहीं है धर्म के मार्ग पर चलकर हम उच्चतम शिखर पर पहुंच सकते हैं भक्ति का मार्ग हमेशा अनुशासन सिखाती है। वरिष्ठ साहित्यकार नूतन साहू ने कहा कि रामायण सीधे प्रभु श्री रामचंद्र जी से जोड़ती है इनके एक-एक शब्द मंत्र के समान है प्रतिदिन पठन घर परिवार में सुख समृद्धि एवं शांति का माहौल बनाती है। भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष सोम प्रकाश साहू ने कहा कि चौबेबांधा में पिछले 40, 50 वर्षों से रामायण सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इतने लंबे समय तक रामायण का कार्यक्रम कराना अपने आप में इतिहास बनाता है। उन्होंने रामायण के महत्व को प्रतिपादित किया।रामायण सुनने से परस्पर प्रेम बढ़ता है- महाडिक, रामायण सम्मेलन में पहुंचे जनपद पंचायत फिंगेश्वर के पूर्व अध्यक्ष राघोबा महाडिक ने कहा कि रामायण सुनने से परस्पर प्रेम बढ़ता है यह न सिर्फ सकारात्मक सोच को विकसित करते हैं बल्कि उनके साथ साथ जीवन के हर पहलू को बदल कर रख देते हैं। पिछले 49 सालों में मुझे पहली बार बुलाया गया है और आप सभी लोगों के प्रेम और स्नेह को देखकर मैं हर साल आने की इच्छा रखता हूं। मौके पर सुनील देवांगन, टीआर धनकर, सेवक श्रीवास, यशवंत सोनकर, नकछेड़ा साहू इत्यादि उपस्थित थे सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। बाली बाल से तथा सुग्रीव सूर्य से आए, सुबह 11-00 बजे से रामायण मंडली शुरू हो गए प्रथम मंच के रूप में जय चंडी महिला मानस परिवार सिंगदेही, दाई के दुलार मानस परिवार कन्हारपुरी बालोद के बचाकर बंटी गोपाल कुंभज ने कहा कि बालिका जन्म बाल से हुआ है तथा सुग्रीव सूर्य से दुनिया में आए हैं प्रभु श्री रामचंद्र जी जब आए तो अपने साथ में देवता गन अलग-अलग रूप में आए और भगवान का साथ देते रहे। उनके कौतुक को देखकर सभी बहुत ही प्रसन्न हुए। जय मां दंतेश्वरी छत्तीसगढ़ी पंडवानी पार्टी छछान पहाड़ी, सोन चिरैया मानस परिवार लामीडीह पिथौरा महासमुंद, शिवम मानस परिवार सोनदादर बागबाहरा की प्रस्तुति समाचार लिखे जाने तक हो गई थी। कार्यक्रम का संचालन कवि संतोष कुमार सोनकर, मनोज सेन, रवि पाल, गणेश साहू ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित होकर कथारास का अपमान कर रहे थे।



# निरंकुश प्रशासनिकता से नाराज जनपद सदस्यों ने कलेक्टर से की शिकायत



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद छुरा।** जनपद पंचायत छुरा के सभी जनपद सदस्यों ने जनपद पंचायत छुरा में प्रशासनिक सुस्त रवैया तथा समान्य सभा में विभागीय आला अफसरों की अनुपस्थिति को लेकर उपाध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्यों ने शिकायत की पुलिंदा लेकर जिला कलेक्टर से मुलाकात किये।ज्ञात हो कि जनपद पंचायत छुरा के जनपद चुनाव 2020 के बाद आज तक प्रति तीन माह में होने वाली समान्य सभा की बैठक में लगातार विभागीय अधिकारी, व प्रतिनिधि कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लेकर तथा 2020-21-22-23 के जीपीडीपी योजनान्तर्गत अनुमोदित कार्यों का सफल क्रियान्वयन न होना, राशि का भी आहरण नही न होना, समय पर इंजीनियर के द्वारा कार्यों का मुल्यांकन न करने जैसे दर्जनों शिकायतों तथा शासन के जनहितकारी योजनाओं पर सुस्त रवैया को लेकर जनपद छुरा के जनपद सदस्यों ने शिकायत की।जिलाधीश प्रभात मलिक ने तत्काल गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए सीईओ एम एल वर्मा छुरा को फोन पर सामान्य सभा बैठक की उपस्थिति, कार्यवाही पंजी, 14-15 वीं वित्त की राशि की जानकारी व जनपद निधि के राशि, तथा कार्य योजना जैसे अनेक जरुरी दस्तावेज लेकर मिलने निर्देश किया है। इस मौके पर जनपद पंचायत छुरा के उपाध्यक्ष गौरव मिश्रा, सभापति प्रहलाद यदु, संत राम नेताम, थानेश्वर कंवर, रजनी सतीश चौरे, बुंदा साहू, जनपद नीलकंठ सिंह ठाकुर, दीपक चन्द्राकार, रिखी राम यादव, शांति बाई नागेश, हेमलता ध्रुव, खिलेश्वरी ध्रुव, सुखबती ताण्डे प्रमुख रुप से उपस्थित रहे

## रवि विपणन वर्ष 2023 - 24 के लिए समर्थन मूल्य के अंतर्गत गेहूं खरीदी हेतु गुणवत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में रवि विपणन वर्ष 2023 - 24 के लिए समर्थन मूल्य के अंतर्गत गेहूं खरीदी हेतु गुणवत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें उपार्जन समिति की केन्द्र प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज वार्ष्णेय,डीडी कृषि आरएस शर्मा,डीएमओ मार्कफेड, उपायुक्त सहकारिता,जीएम डीसीसीबी तथा सभी उपार्जन केंद्र प्रभारी, सर्वेयर और कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने सभी केन्द्र प्रभारियों एवं सम्बन्धित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से करें। यदि किसी भी केन्द्र प्रभारियों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई, जिसके कारण यदि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ा तो संबंधित के विरूद्ध कठोर कारवाही की जावेगी। सभी शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें।

## अभाविप के प्रांतीय मंत्री मनोज वैष्णव पहुँचे देवभोग



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग ।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रान्तीय मंत्री मनोज वैष्णव पहुँचे देवभोग काफ़ी समय अंतराल के बाद अभाविप किसी प्रान्तीय पदाधिकारी का प्रवास देवभोग क्षेत्र में हुआ लगातार मनोज वैष्णव जी वनांचल क्षेत्रों में अपना प्रवास कर रहे हैं।जिला संयोजक रंजन यादव के नेतृत्व में अभविप देवभोग और गोहरापदर के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से देवभोग में प्रान्त मंत्री का स्वागत किया बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।फूल माला व पगड़ी लगा कर कार्यकर्ताओं ने मनोज जी का स्वागत किया तथा पश्चात मंदिर में भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किये व सभी कार्यकर्ताओं से परिचयत्मक चर्चा किये।इस अवसर पर देवभोग के नगरमंत्री विवेकानंद यादव,गोहरापदर नगर मंत्री क्षितिजनारायण तिवारी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक यादव,नगर सहमंत्री मुकेश नायक व्दय लिकेश नागेश,आकांक्षा,तेजेस बीसी,योगेश,कुंज पटेल,आयुष पात्र अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत सचिव संघ शासन के साथ आर :पार की लड़ाई

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मैनपुर।** पंचायत सचिव संघ एक सूत्रीय मांगों को लेकर 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सचिव संघ ने साफ कर दिया है कि ड़ब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इधर सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से गॉवो में होने वाला शासकीय कार्य प्रभावित हो गया है वही सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने का आदेश दिया गया है आदेश में जिक्र किया गया है कि काम पर नहीं लौटने पर सचिवों को हटाने की कार्रवाई भी की जायेगी। वहीं सचिवों ने आज इस आदेश का विरोध करते हुए आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ड़ करवाया,सचिव संघ अध्यक्ष प्रेम ध्रुव ने कहा कि ड़ब तक मांग पूरा नहीं होगा, हमारा हड़ताल जारी रहेगापंचायत सचिवों के हड़ताल में जाने ब्लॉक के 74 ग्राम पंचायतों में पंचायती कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ है.. सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी भी बंद पड़ा है.. वही हड़ताल से आमजनों को भी बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायतों में जरूरतमंदों के राशनकार्ड नहीं बन पा रहा है, वहीं आर्थिक जनगणना से जुड़े कार्य,आधार कार्ड के अलावा, पेंशन बनवाने सहित अन्य कार्यों को लेकर पंचायत पहुँच रहे है, लेकिन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत सचिव संघ मैनपुर के अध्यक्ष प्रेमलाल ध्रुव ने कहा कि ग्राम पंचायतों के सचिवों के शासकीय करण के संबंध में बजट में कोई प्रावधान नहीं करने के कारण ग्राम पंचायत के सचिवों में भारी आक्रोश है इसलिए पूरे प्रदेश भर के ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा निर्णय लिया गया है कि 16 मार्च से काम बंद, कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है।श्री घ्रुव आगे कहा ग्राम पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिवों को पंचायत मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया था इसके बावजूद बजट में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में कोई पहल नहीं किया गया है।पंचायत सचिव संघ कोषाध्यक्ष सतोष गुप्ता ने कहा कि हम सरकार की हर योजना जिसमें कई विभाग सम्मिलित होते हैं उसे हम ग्राम पंचायत के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाते हैं। छत्तीसगड़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना अंतर्गत गोबर खरीदी नरवा ट्रीटमेंट इत्यादि कई योजना का सफल रूप क्रियान्वयन करते हैं, लेकिन सरकार हमारी मांगों को अनदेखी कर रही है। सरकार हमारी मांगों पर जल्दी विचार करें नहीं तो हम उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। धरनास्थल में आज प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रेमलाल ध्रुव, संतोष गुप्ता ,श्रीमती अनिल नेताम ,दसरू जगत ,संजय राजपूत, त्रिवेणी नागेश, सालिक पटेल, छवि कवर ,संजय नंदाल, कैलाश यदु , पालिश राम ,देवराम नागेश, त्रिलोक नागेश ,निर्मल देशमुख, उपेंद्र कुमार यादव, शिव कुमार भाटी , जैलसिंह ध्रुव , सुरेंद्र कुमार यादव, ओमप्रकाश कोर्मरा, रामेश्वर ध्रुव,डोमेश्वरी महिलागे, लक्ष्मीनाथ, कैलाश सिंह ठाकुर ,विनोद सिंह ठाकुर ,गौरी शंकर यादव ,घनश्याम नागेश ,विनोद बिहारी नागेश ,सत्यरंजन हंसराज ,देवीसिंह मांझी ,डिगनेश्वर यदु, जालंधर यादव ,सलाम खान , अशोक महंती ,बसंत सिन्हा,भोला चक्रधारी, संजय राजपूत, पुरुषोत्तम सोम, जालंधर राजपूत,थान सिंह नायक सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत सचिव संघ के सदस्य उपस्थित थे।



# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मन का शुद्धिकरण हो जाता है :ओपीएस भदौरिया




**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र में गांव के ग्राम मानहड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए व्यासपीठ के दर्शन कर उन्होंने कथावाचक महाराज जी से आशीर्वाद ग्रहण कर सुख शांति की प्रार्थना की और वहीं उन्होंने व्यास गद्दी पर पहुंचकर आरती की राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कथा में शामिल होकर कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मन का शुद्धीकरण हो सभी संस्थाएं दूर होते हैं श्रीमद् भागवत कथा एकाग्रता चित्र सरवन से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर वाणी का अलौकिक अलौकिक एवं अध्यात्मिक विकास होता है सनातन धर्म के 18 पुराणों में से एक भागवत कथा पुराण है जिसमें भक्ति योग है अर्थ अर्थ भक्ति का मार्ग ही परम सत्ता को प्राप्त करता है ऐसी भक्ति सरलता से प्रभाव मानव जीवन के हृदय में संचालित होती है श्रीमद् भागवत कथा श्री रामचरितमानस राम कथा यह हमारे भारतीय संस्कृति की पहचान है जो व्यक्ति श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने के लिए सच्चे भाव से सुनने के लिए आता है भगवान उसी की मनोकामना को पूर्ण करते हैं यही भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता में उपवास दिया और कहा कि गीता का ज्ञान हम सबके मन में अध्यात्म माता की और आगे पहुंचे आज व्यास जी द्वारा जो हमें स्मरण कराया जा रहा है एक एक शब्द हम अपने हृदय में उतारकर समाज को आध्यात्मिकता से जोड़ें यही कथा का उद्देश्य है श्री भदौरिया ने कहा कि की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरिद्वार बद्रीनाथ केदारनाथ और अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला के साथ समाज को अध्यात्म आते की ओर से जुड़ा है हमारी विचारधारा भारतीय संस्कृति के अनुरूप बने और रामराज्य हिंदू राष्ट घोषित हो यही भाव को लेकर भारत सरकार आप सभी के जन सहयोग के साथ कार्य कर रही है द्य उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का उद्धार भी हमारी सरकार कर रही है जन्मभूमि में विकास को गति प्रदान की गई राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि भगवान् नारायण जागते हैं द्य इस कारण इस दिन निम्न मंत्र का उच्चारण करके भगवान् को जगाना चाहिए

उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द उत्तिष्ठ गरुडध्वज
उत्तिष्ठ कमलाकान्त त्रैलोक्यमन्गलं कुरु

हे गोविन्द ! उठिए, उठिए, हे गरुडध्वज ! उठिए, हे कमलाकांत ! निद्रा का त्याग कर तीनों लोकों का मंगल कीजियेराज्यमंत्री श्री भदौरिया का कथा में चौधरी अखिलेश हिन्नारिया द्वारा स्वागत किया गयाद्य उन्होंने सभी भक्त गणों को कहा कि हम भाव के साथ कथा का स्मरण करें और उन्होंने कहा कि हम अपने चरित्र को साफ रखते हुए नशा मुक्त से दूर रहें तभी भगवान हमारे हृदय में प्रकट हो

## आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अम्बाह नगर के सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**अम्बाह** नगर पालिका सीएमओ की हठधर्मिता, मनमानी और तानाशाही पूर्ण रवैये के विरुद्ध अम्बाह नगर के समस्त सफाई कर्मचारी पिछले दोनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए लेकिन नगरपालिका प्रशासन ने अभी तक उनकी जायज मांगों का समाधान करना तो दूर, दो कदम दूर बैठे सफाई कर्मचारियों से बातचीत करना भी सुनिश्चित नहीं किया है।हड़ताल के तीसरे दिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बाह ने अपना खुला समर्थन देते हुए कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने तीन दिवस के भीतर कर्मचारियों की समस्याओं का बाजिव समाधान प्रस्तुत नहीं किया तो सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा।

**हड़ताल में शामिल** –कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष श्री उमाचरण कटारे, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखवार, पार्षद जय राजोरिया, सुनील सखबार, देवेन्द्र सखबार, शिवनारायण सखबार, बृजकिशोर सखबारड़ ललिता अतेंद्र सैनी महेश विकल सचिन छारी तरुणेश तोमरड़ देवेंद्र दादोरिया अजय टेकुले गंगा




सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से कहा कि हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत बहाल किया जाए, नियमानुसार वेतन वृद्धि और अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए एवं कर्मचारियों के साथ दोयम दर्जे का बर्ताव करने वाले सीएमओ को निलंबित किया जाए। नहीं तो उग्र आंदोलन होगा जिसके लिए प्रशासन उत्तरदाई होगा। आगे की रणनीति के लिए पार्टी अध्यक्ष श्री उमाचरण कटारे कांग्रेस के सभी साथियों के साथ बैठक कर, समर्थन पत्र दिया।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल इन्दरगढ शक्ति केन्द्र बैठक

**पुष्पांजलि न्यूज़ टुडे**
**विवेक सेन (पत्रकार) इंदरगढ़**



भारतीय जनता पार्टी मंडल इन्दरगढ़ के शक्ति केंद्र वार्ड 07 से 10 तक व शक्ति केन्द्र वार्ड 11 से 15 तक की बैठक सम्पन्न।।06 अप्रैल (पार्टी स्थापना दिवस) व 14 अप्रैल (डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती) तक ÷सामाजिक न्याय सप्ताह÷ पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम व बूथ विस्तारक अभियान2 के शेष कार्य पर चर्चा हुई।।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री रामलखन गुर्जर मंडल प्रभारी श्री देवेश चौधरी जी, नगर परिषद अध्यक्ष श्री रामस्वरूप मंडलिया नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री संजीव कुशवाहा वरिष्ठ नेता श्री अखिलेश मुद्गल श्री टिन्कू राठौर शक्ति केंद्र संयोजक श्री पहलवान कुशवाहा शक्ति केन्द्र प्रभारी श्री दीपू तिवारी, श्री कमलेश खटीक, शक्ति केंद्र सह संयोजक श्री रिंकू राणा श्री उपेंद्र दुबे मंडल मंत्री श्री प्रतिपाल यादव, श्री दुर्गेश बघेल शक्ति केंद्र मीडिया प्रभारी श्री दीपक शिवहरे श्री संतोष खटीक बूथ अध्यक्ष एवं पार्षद श्री रवि चौरसिया पार्षद श्री चरणदास केलारे श्री मेहताब परिहार बूथ अध्यक्ष श्री मनोज तिवारी श्री अमित कैन श्री रामरतन खटीक श्री एन डी गुप्ता श्री नीलेश साहू बूथ महामंत्री श्री मोनू तिवारी श्री त्रिलोक सिंह जाटव श्री अनुराग धाकड़ पार्टी के वरिष्ठ श्री संजय कुशवाहा श्री टाइगर कुशवाहा श्री रामप्रकाश करण श्री महेश साहू सहित शक्ति केन्द्र टोली, बूथ टोली उपस्थित रही।।,

## पिं बर्ग मौर्चा मंण्डल मौं की बैठक सम्पन्न

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**



मौं , भारतीय जनता पार्टी पिं बर्ग मौर्चा मंण्डल मौं की कामकाजी बैठक रसनोंल में सम्पन्न हुयी इस अबसर पर पिं बर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह कुशबाह मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामख्तयार गुर्जर पंचम सिंह राणा सुरेंन्द राणा बीरेन्द राणा मंण्डल मिडिया प्रभारी सोमबीर सिबहरे पिं बर्ग मौर्चा मंण्डल अध्यक्ष रघुराज गुर्जर कप्तान सिंह कुशबाह बबलू राणा रंजीत राणा निर्देश कुशबाह तोताराम बघेल

# मां कालिका माता मंदिर बसारा पर भव्य दरबार 5 अप्रैल बुधवार



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** प्रति वर्ष की भांति मां कालिका मंदिर पर विशाल दंगल एवं श्री तेज सिंह भगत जी हीरामन सरकार द्वारा दिव्य दरबार एवं भजन संध्या का आयोजन कालिका माता का मंदिर बसारा गोहद में आयोजन जिसमें कैंसर ,पथरी ,लीवर ,बवासीर, घाट, भूत प्रेत, घरों की बाधा आदि बीमारियों का छुटकारा मात्र माता रानी के दर्शन से मिल जाता है कई बरसों से दूर-दूर से व्यक्तियों का आवागमन बना रहता है प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के पहलवानों के द्वारा विशाल दंगल का आयोजन होता है मां कालिका माता का मंदिर गोहद चौराहे से गोहद मार्ग के बीच मैं मां कालिका का मंदिर स्थित है जो कि वह वैशाली जलाशय से लगा हुआ है प्रतिदिन सैकड़ों लोग मां से आस्था जताते हुए मां के दर्शन करने आते हैं श्री श्री 108 माधव दास त्यागी महाराज श्री श्री 108 बलराम दास जी महाराज श्री श्री कुबेर दास जी महाराज श्री श्री 108 राजकुमार दास जी महाराज एवं माता रानी के सेवादार

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भिंड अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने की मुलाकात



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भिंड जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने मुलाकात कर जिले के संगठनात्मक व आगामी चुनावी विषयों पर चर्चा की, इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी वासुदेव शर्मा, शहर अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा भी उपस्थित रहे ।

## पुलिस अधीक्षक ने दो अपराधियों पर किया 7 हजार 500 ईनाम घोषित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने दो अपराधियों को बंदी बनाने या बंदी करवाने या बंदीकरण का विरोध किये जाने पर विधिसंगत आवश्यक शक्तियों का प्रयोग कर जो उसे बंदी करवायेगा या बंदी करवाने के लिए सूचना देगा उसे पुरूष्कृत किया जाएगा।जिन अपराधियों पर ईनाम घोषित की गई है उनमें अपराधी राजू उर्फ रघुनाथ परमार पुत्र मुकुट सिंह परमार निवासी सोई थाना फूप पर 2500 रूपये एवं इमरान उर्फ बंदरा खान पुत्र स्व.बल्लू खान निवासी सुभाष नगर भिण्ड पर 5000 रूपये इस प्रकार कुल 7 हजार 500 रूपये की ईनाम घोषित की गई है।

# भारतीय जनता पार्टी पाली जिला कार्यालय का विशाल भूमि पूजन

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

भारतीय जनता पार्टी पाली जिला कार्यालय का विशाल भूमि पूजन भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के मुख्य अतिथि में किया जाएगा।पाली भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिलोक राम चौधरी ने बताया कि भाजपा कार्यालय का विशाल भूमि पूजन के लिए राजस्थान प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर 5 अप्रैल को सुबह 10ः00 बजे अपने निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होंगे । पाली भाजपा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार के निर्देशानुसार जिला प्रवक्ता तिलोकराम चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यालय निर्माण हेतु भूमि पूजन के लिए प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर पार्टी जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार जिला संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह बालावत सांसद पी पी चौधरी तथा पूर्व सांसद पुशप जैन जिला प्रमुख रश्मि सिंह जी पाली विधायक ज्ञानचंद पारख विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत जैतारण विधायक अविनाश गहलोत सोजत विधायक शौभा चौहान तथा मारवाड़ जंक्शन पूर्व विधायक केसाराम चौधरी पुर्व विधायक मदन राठोड पुर्व जिला अध्यक्ष करणसिह नेतरा पदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र बोहरा जिला महामंत्री मोहन जाट सुनील भंडारी घीसुलाल मेघवाल सभी नगर पालिकाओं के अध्यक्ष तथा



उपाध्यक्ष प्रधान व उपप्रधान सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी सभी मंडल अध्यक्ष तथा सभी मंडल प्रभारी सभी प्रदेश जिला के मोर्चा के पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य सभी नगर पालिका के पार्षद भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता जिलेभर से कार्यालय भूमि पूजन हेतु विशाल कार्यक्रम मे भाग लेगे। जिला मुख्यालय पर लंबे अरसे बाद भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय बन रहा है। इसे लेकर जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो मे खुशी की लहर है इस कार्यक्रम के लिए लगातार तैयारियां चल रही है। मोहन जाट सुरेश चौधरी मूल सिंह भाटी जितेंद्र व्यास तिलोक चौधरी निशांत दवे निखिल व्यास नरपत दवे सहित पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी लगे हुए हैं।

# 25 मार्च से लेकर आज तक लाडली बहना योजना के मालनपुर नगर परिषद में 1555 फॉर्म भरे गए

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**



मालनपुर नगर में 25मार्च 2023दिन रविवार से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के फॉर्म भरना शुरू हुए फोर्म भरने का काम लगातार चलता आ रहा है आज तक मालनपुर नगर परिषद में पंद्रह सौ पचपन फॉर्म भरे जा चुके हैं बता दें कि यह योजना कोई कर्मकांड नहीं बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है लाडली बहनों के खाते में 10 जून से एक हजार की राशि आने लगेगी नगर परिषद सीएमओ मनोज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना से कोई भी महिला जो पात्र हो वह वंचित न रह जाए इसके लिए मालनपुर नगर में निरंतर फार्म भरे जा रहे हैं नगर के 15 वार्डों में लगातार कैंप लगाकर फार्म परिवार आईडी ईकेवाईसी मालनपुर नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा की जा रही है किसी भी महिला को कोई परेशानी ना आए इसलिए यह काल निरंतर चल रहा है

**इनका कहना है**

मालनपुर नगर परिषद अध्यक्ष का कहना है लाडली बहना योजना जो महिला पात्र होगी वह वंचित नहीं रहेगा

# योगी सरकार में माननीय उच्चतम न्यायलय का बड़ा फैसला, उत्तर प्रदेश सचिवालय अभ्यर्थियों की जीत

**लखनऊ/** 05 साल का इंतड़ार करने के बाद योगी सरकार में 249 अभ्यर्थियों को आखिरकार न्याय मिल गया। सरकार ने उच्चतम न्यायालय में अपर निजी सचिव सेवा नियमावली 2001 और पाठ्य विवरण नियमावली 1987 के क्रम में 1990 का हवाला देते हुए दोनों नियमावलियों को समान रूप से लागू होने और उसमें दिए गए प्राविधानों के तहत वर्ष 2018 में अपर निजी सचिवों का पक्ष रखते हुए हलफनामा दाड़िल किया था। अपर निजी सचिवों के पक्ष में माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद उत्तर प्रदेश सचिवालय में रिक्त पड़ी लगभग 500 पदों की भर्तियों का रास्ता साफ हो गया है।उत्तर प्रदेश शासन में अपर निजी सचिव संघ के अध्यक्ष ने इसके लिए माननीय उच्चतम न्यायालय और माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार जताया है। उत्तर प्रदेश सचिवालय, अपर निजी सचिव परीक्षा 2010 के संबंध में उत्तर प्रदेश सचिवालय व्यक्तिक सहायक सेवा नियमावली 2001 के अनुसार उत्तर प्रदेश सचिवालय में अपर निजी सचिव पद पर सीधी भर्ती लोक सेवा आयोग के माध्यम से कराए जाने की व्यवस्था है। अपर निजी सचिव की चयन वर्ष 2002-2003 से 2008- 2009 तक की 250 रिक्तियों पर भर्ती हेतु दिनांक 16.06. 2010 को अधियाचन लोक सेवा आयोग को भेजा गया था। लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 25.12.2010 को परीक्षा हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया गया तथा चयनित अभ्यर्थियों के अंतिम परीक्षा परिणाम दिनांक 03.10.2017 को घोषित किया गया एवं चयनित अभ्यर्थियों की संस्तुतिया 16.11.2017 को शासन को प्रेषित किया गया। माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश का शासन स्तर पर अनुपालन किया गया। दिनांक 24 नवंबर 2017 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय में उपस्थित हुए एवं माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 28 नवंबर 2017 को अंतिम रूप से सुनवाई के आदेश दिए गए। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5त्न एवम पुनः 3त्न गलतियों की छूट के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि कंडोनिंग गलती 5त्न एवं 3त्न ऐसेप्सन केस प्रोविजन ऑफ रूल्स 8(11) का बैलेट नहीं करता है। माननीय उच्च न्यायालय यह स्वीकार किया कि परीक्षा में 5त्न एवं 3त्न की सीमा में गलतियों की छूट देने से उत्तर प्रदेश सचिवालय व्यक्तिक सहायक सेवा नियमावली 2001 के नियम 8(11) का उल्लंघन नहीं होता है एवं यह भी स्पष्ट करना है कि 5 प्रतिशत एवं 3त्न की छूट के संबंध में स्न्न8 श्व-2 द्वारा जारी अध्यादेश दिनांक 24 जनवरी 1987 में यह व्यवस्था दी गई है कि किसी अभ्यर्थी की त्रुटियां आदेश 5त्न से अधिक होगी तो उसे सेवायोजन अहर्र नहीं समझा जाएगा परंतु आयोग विवेकानुसार त्रुटियों की छूट दे देने के संबंध में अधिकतम 3त्न तक त्रुटियों की छूट दे सकता है। उपरोक्त सभी बिंदुओं को आधार मानते हुए अपर निजी सचिव परीक्षा 2010 में सफल हुए अभ्यर्थियों को योगी सरकार में सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों की खंडपीठ ने बड़ा फैसला दिया है, जिस पर समस्त योग्य व्यक्तियों को न्याय मिला है। इस न्याय से सभी अभ्यर्थियों में खुशी की लहर है।

पोहरी विधायक एवं राज्यमंत्री के भाई दे रहा फोन लगाकर राजीनामा की धमकी

# बहुजन समाज के जिलाध्यक्ष ने दिया पुलिस अधीक्षक को जल्द से जल्द कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी जिले के पोहरी विधानसभा से विधायक एवं मंत्री सुरेश राठखेड़ा के भाई रामदयाल राजखेड़ा सरपंच ग्राम राठखेड़ा पर हाल ही में एक बलात्कार का प्रकरण पोहरी थाना के अंदर दर्ज हुआ है जिस पर वह फोन लगाकर अभद्रता पूर्ण बातें कर और जातिसूचक गाली देकर पीड़िता के परिवार को धमकी दे रहा है कि अगर उसने राजीनामा नहीं किया तो वह उसको एवं उसके परिवार को मार देगा इस पर पीड़िता के परिवार एवं बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया को ज्ञापन देते हुए बताया कि यदि हमारे द्वारा दिये गए ज्ञापन पर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो शिवपुरी जिले के अंदर एक उग्र आंदोलन किया जाएगा जिस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी आपको बता दें बलात्कार के प्रकरण में राजीनामा का दबाव बनाए जाने हेतु पवन जाटव के मोबाइल नंबर 7024502341 पर बसपा पार्टी से हड्डा, चमरु बसपा पार्टी के नेताओं से छुआछूत एवं वर्ग भेद की भावना को लेकर भड़काऊ शब्द जाटव समुदाय को जाति सूचक शब्दों से जानबूझकर अपमानित किया है इससे बहुजन समाज पार्टी एवं नेताओं के स्वाभिमान को ठेस पहुंची हैं जिससे जाटव समुदाय एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी रोष मैं है बहुजन समाज पार्टी इस तरह का कृत्य कभी बर्दाश्त नहीं करेगी क्योंकि पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा अनुशासन में रहने वाले कार्यकर्ता हैं बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सदैव जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सभी नियमों का पालन किया है इसलिए पार्टी की ओर से आरोपी के खिलाफ तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे जिससे जिले में शांति का माहौल बना रहे इसलिए सभी कार्यकर्ता चाहते है कि उक्त आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई करें अन्यथा पार्टी को बड़े पैमाने पर जन आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी ने पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया एवं एडिशनल एसपी महोदय भूरिया जी को आवेदन के साथ रिकार्डिंग की पेन ड्राइव संलग्न कर दी गई है लेकिन पोहरी पुलिस थाना प्रभारी महोदया के द्वारा अभी तक रामदयाल धाकड़ के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध नहीं किया गया है जो न्यायोचित नहीं है। रामदयाल धाकड़ के खिलाफ जल्द से जल्द वर्ग विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए




# संजय कपूर आयेगें आज करेगें जय भारत सत्याग्रह

**पुष्पांजली टुडे**



**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के जय भारत सत्याग्रह के अंतर्गत 5 अप्रैल 2023 बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव संजय कपूर जिला कांग्रेस के संगठन प्रभारी धर्मेश घई, सहप्रभारी पवन पटेल का दमोह आगमन हो रहा है वह जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को दोपहर 12 बजे संबोधित करेगें उसके उपरांत विधायक अजय टंडन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन एवं कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ पैदल मार्च करते हुए बस स्टेण्ड होकर घंटाघर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह कर रामधुन करेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनु मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू वीरेन्द्र राय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर, सेवादल अध्यक्ष वीरेन्द्र राजपूत, किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम तिवारी सहित समस्त कांग्रेस पदाधिकारी मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ विभाग ब्लाक अध्यक्ष मंडलम सेक्टर के अध्यक्षो से उपस्थिति की अपील की है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 60 से अधिक आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश




**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष 60 आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जेपी सैयाम,नवागत डिप्टी कलेक्टर अखिलेश कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋ्रण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

# ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की नई कार्यकारणी का हुआ गठन



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आडिटोरियम में महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की नई कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें प्राध्यापक इतिहास डॉ. रश्मि जेता को जिला अध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक गणित डॉ. रमेश प्रसाद अहरवाल को उपाध्यक्ष, प्राध्यापक हिन्दी डॉ. कीर्तिकाम दुबे को सचिव एवं सहायक प्राध्यापक वाणिज्य कु. एकता मसीह को सह-सचिव तथा प्राध्यापक संस्कृत डॉ. के.एस.बामनिया को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने नवनियुक्त कार्यकारणी को अपनी शुभकामनांए प्रेषित की। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रश्मि जेता ने अपने उद्बोदन में कहा कि आप लोगो ने जो मुझे जिम्मेदारी सौपी है उसके लिए मैं तन-मन-धन से समर्पित होकर समस्त प्राध्यापकों, सह प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों की समस्याओं का समाधान करने का भरपूर प्रयास करूँगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम.के.जैन एवं अनिल यादव ने किया तथा पूर्व कोषाध्यक्ष डॉ. के.के.कोरी ने आभार प्रकट किया।

# शराब दुकान का स्थानातंरण करने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** पटेरा नगर से वार्ड नं 2 के वार्डवासियों नें महिला पार्षद श्रीमति रजनी दिलीप अहिरवार के नेतृत्व में एन.सी.डब्यू.सी. नेशनल कांग्रेस बार्कस कमेटी के सहयोग से नगर पटेरा के महात्मा गांधी वार्ड में धमेन्द्र जैन चौधरी की शराब दुकान को दलित बस्ती से नगर से बाहर खुलवाये जाने का ज्ञापन सौंपा। शराब दुकान हटाने का मुख्य उदेश्य दलित बस्ती मे निस्तर शराब खोरी, गाली गलौच को प्रतिबंधित करना है। इसके पूर्व कई ज्ञापन चक्का जाम के बाद भी आज तक शराब दुकान को नहीं हटाया गया। जिससे अहिरवार समाज आक्रोश में है। इस मौके पर एन.सी.डब्यू.सी. नेशनल कांग्रेस वार्कस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अमोल चौधरी ने चेतावनी दी अगर तीन दिवस में शराब दुकान नहीं हटाई गई तो तीन दिवस बाद विराट आन्दोलन होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी एन.सी.डब्यू.सी. के कोमल अहिरवार, प्रदेश अध्यक्ष अमोल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष एन.सी.डब्यू.सी. के गिरधारी रैकवार, फारूख खान, प्रदेश प्रवक्ता सचिव रवि शंकर चौधरी, एन.सी.डब्यू.सी. के विनोद राज, प्रदेश महासचिव वीरेश सेन, जिला अध्यक्ष दीपक अहिरवार, पार्षद पति दिलीप अहिरवार, बबलू राज, परमू दादा, सपना, सुनीता, रूबी, चांदनी अहिरवार, धर्मेन्द्र अहिरवार, सुहाना, बंदना, दशरथ, मुकेश धनीराम, लटोरी महेन्द्र के साथ महिला पुरूष उपस्थित रहे।



# कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति की नवगठित समिति की बैठक संपन्न



**पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**

लांजी- विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर लांजी को स्थानीय स्तर पर संचालित करने वाली संस्था कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति लांजी की नव गठित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा साधारण सभा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल के आतिथ्य में की गई। बतादे कि सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत जबलपुर द्वारा कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति लांजी की नवीन कार्यकारिणी साधारण सभा का गठन किया गया है जिसके उपरांत अनुमोदित सदस्यों की प्रथम बैठक 4 अप्रैल को विद्यालय के सभा हाल में संपन्न हुई जिसमें साधारण सभा में अनुमोदित सदस्यों के नामों को पढ?र सुनाया गया। बैठक में कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति के अध्यक्ष श्यामलाल पांडे, उपाध्यक्ष बारेलाल बड़घैया,ख् सचिव विजय रामटेककर, सदस्य श्रीमती दुर्गा रामटेककर, विद्यालय के प्राचार्य त्रयंबक भगत तथा आचार्य परिवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक मे रमेश भटेरे के द्वारा आगामी सत्र में विद्यालय संचालन अध्यापन व्यवस्था, भवन व्यवस्था के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन प्रतिभाएं हुई सम्मानित

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कवि स्व. श्री प्रेमचंद जैन विद्यार्थी को समर्पित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन युवक क्रांति संगठन के द्वारा स्थानीय उमामिस्त्री की तलैया में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में दीप प्रज्जवलन डॉ.के.पी.अहिरवाल प्राचार्य शास.पी.जी.कॉलेज के मुख्य आतिथ्य कविता राय पार्षद,सतीश तिवारी जिलापंचायत सदस्य रजनी ठाकुर,पूर्व प्राचार्य डॉ.रेवा चौधरी, प्रोफेसर जी.पी.अहिरवार,डॉ.गौरव नायक,डॉ. अभय जैन,नन्हें सिंह ठाकुर सहायक संचालक शिक्षा ने करते हुये स्व.श्री प्रेमचंद विद्यार्थी एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया किया तत्पश्चात अतिथियों एवं कविगणों का स्वागत सुधीर विद्यार्थी, मनोज जैन,सौरभ विद्यार्थी,दिनेश प्यासी,लक्ष्मीकांत तिवारी, सुशील विद्यार्थी,अरूण जैन कोर्ट,दिलेश चौधरी, आशीष शाह,आदि ने किया। इस अवसर पर जहां विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली प्रतिभाओं को सम्मापित किया गया। वहीं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भारतीय इंजीनियरिंग सेवाएं परीक्षा में रैंक 22 आने से रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की नियुक्ति पर कु. आकांक्षा जैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयोजक सुधीर विद्यार्थी ने स्व.श्री प्रेमचंद विद्यार्थी पर प्रकाश डाला अध्यक्ष दिनेश प्यासी ने युवक क्रांति संगठन की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रारंभिक संचालन महा सचिव लक्ष्मीकांत तिवारी ने करते हुये कवि सम्मेलन का मंच संचालन शाजापुर से पधारें कवि अशोक नागर को सौंपा कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवियत्री काव्या मिश्रा ने सरस्वती वंदना से किया। कवियत्री बबीता चौबे ने कवि स्व. प्रेमचंद विद्यार्थी द्वारा रचित कविता गीत लिखूंगा अब मैं मित्रों आग और अंगार के से कवि सम्मेलन की शुरूआत की गई प्रारंभ मे स्थानीय कवि गणेश राय ने बुन्देली भाषा में प्रस्तुति दी।नोएडा दिल्ली से पधारें कवि प्रकाश गुप्ता ने ब?ा ही संगीन मामला आजकल हो गया है,रिश्तों मे भी मार्केट का दखल हो गया है।ने सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया। रायसेन से पधारें दिनेश याग्निक ने अपीन रचना हम भी अगर नेता होते नर्मदा से रेता ढोते ने हास्य को और उचाईयों पर पहुंचाया,विदिशा से पधारें कवि पं. संतोश सागर ने अपनी हास्य रचना सियासी लोग बफादार नहीं हो सकते कभी यकीन के हकदार नहीं हो सकते। चंद सिक्कों मे जो अपनी जुबाने बन्द रखे, इतने गद्धार कलममकार नहीं हो सकते। कोटा राजस्थान से पधारें गीतकार कुंवर जावेंद ने मंच को उचाईयॉ प्रदान करते हुये अपनी रचना कोई हिन्दुत्व कि इस्लाम न पूछा जाये, मरने के बाद का अंजाम न पुछा जाये। मेरी ऑखों में प?ी जाये वतन की खुशबू,कौन हूं मुझसे मेरा नाम न पूछा जायें।इंदौर से पधारे ओज कवि ने अपनी रचना ड्रैगन के जब? भी देखों,अब तो तो? जाते है आतंकवाद के सारे अड्डे चुन चुन फोडे जाते है।सारी दुनिया जान चुकी है-बदल गया मेरा भारत,श्वेत कबूतर त्याग यहॉ अब चीते छो? जाते है। इसी तरह मंच का सफल संचालन करते हुये शाजापुर से पधारे कवि पं. अशोक नागर ने अमृत पाल के लिए कहा कि देश को क्या हम देह जलाने को शमशान नही देगें,गिद्धों को लाश खिला देंगे पर अग्नि दान नहीं देगें।भिंडरावाले के ख्यावों की भूख लिए मर जायेगा,खाल खींच के देगें पर खालिस्तान नहीं देगें। उपस्थित भारी जन समूह को हसने पर मजबूर कर दिया ।कवि सम्मेलन में भोपाल से पधारी कवियत्री सबीहा असर ने नोक झोक के साथ अपनी हास्य रचनाओं के माध्यम कवि सम्मेलन को गतिप्रदान की तो स्थानीय कवियत्री सुश्री काव्या मिश्रा एवं सुश्री बबीता चौबे ने अपनी रचनाओं के द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रातः अल सुबह 4 बजे तक चले कवि सम्मेलन के सभी सहयोगियों का आभार संयोजक सुधीर विद्यार्थी ने मानते हुये आगामी आयोजनों में भी सहयोग की अपील की। कवि सम्मेलन में जहां आकर्षक मंच सज्जा,श्रोताओं की उपस्थिति सराहनीय रही। वहीं कार्यक्रम के दौरान सभी आगंतुक कविगणों,एवं सम्मानित हुई प्रतिभाओं की उपस्थिति के साथ अधिकतम श्रोताओं की मौजूदगी रहीं।



# पत्नी ने की पति की बेलन से गला दबाकर दिया हत्या आरोपी पत्नी को देवभोग पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग थाना अंतर्गत राजापारा मुहल्ले में एक पत्नी ने अपने शिक्षक पति को मौत के घाट उतार दिया.. आरोपी पत्नी ने बेलन से गला दबाकर घटना को अंजाम दिया है.. मामले में देवभोग पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है.. वहीं आरोपी पत्नी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया है..मामले की जानकारी देते हुए देवभोग थाना प्रभारी गौतम चंद गावड़े ने बताया कि सनत सोनवानी पिता रामदास सोनवानी(47) निवासी खैरा तुलसी थाना कुंडा जिला कवर्धा वर्ष 2013 से देवभोग ब्लॉक में शिक्षक के रूप में पदस्थ था.. वहीं सोमवार की देर रात सनत को उसके किरायेदार और पत्नी बेहोशी की हालत में देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँचे.. इस दौरान डॉक्टर ने जाँच कर सनत सोनवानी को ब्रॉड डेड घोषित कर दिया.. वहीं डॉक्टरों ने गले में कुछ कुछ निशान होने की बात भी कही.. इस दौरान पुलिस ने शव का पीएम करवाने के उसे चिरघर भिजवा दिया.. वहीं शक के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी शीतल सोनवानी से आज सुबह पूछताछ शुरू किया.. इस दौरान शीतल ने पुलिस को बताया कि उसका पति आदतन शराबी था.. आये दिन शराब के नशे में घर पहुँचकर विवाद करता था.. घटना वाले दिन भी मृतक शराब पीकर स्कूल गया था और वहां



सो गया था.. इस दौरान पत्नी ने मकान मालिक से सहयोग मांगकर उसे घर लेकर आई थी.. घर आने के बाद फिर से मृतक उससे गाली गलौच कर झगड़ा करने लगा.. इस दौरान आरोपिया ने गुस्से में आकर घर के बेलन से उसका गला दबा दिया.. जिससे मृतक की मौत हो गई..बच्चों से रहना पड़ रहा था दूर-ः आरोपिता ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसका पति शराब के नशे में धूत होकर ज़ब घर पहुँचता था.. इस दौरान वह झगड़ा शुरू कर देता था.. आये दिन गालीगलौज और झगड़े से बच्चे भी डरे हुए थे.. ऐसे में ना चाहते हुए भी अपने दोनों बच्चों को अपने से दूर करना पड़ा.. शीतल ने बताया कि दोनों बच्चे उसके दादा-दादी के पास रहते है.

## राजनीतिक मसलों में हस्तक्षेप करना न्यायपालिका के लिए खतरनाक

*आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान में चीफ जस्टिस की ताकतों को वहां की शहबाज शरीफ सरकार कम करना चाहती है. इसके लिए संसद में एक बिल पेश किया गया है. इस बिल के अंदर चीफ जस्टिस की ताकतों को कम करने का प्रावधान किया गया है. पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि अगर चीफ जस्टिस की शक्तियों को कम नहीं किया गया तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा. ये निश्चित तौर पर पाकिस्तानी संसद का गलत मूव है, लेकिन इसके लिए हम केवल वहां की राजनीतिक नेतृत्व को ही पूरी तरह से दोषी नहीं मान सकते हैं. चूंकि इसमें न्यायपालिका का भी उतना ही दोष है. दरअसल, वहां पर जो सुप्रीम कोर्ट है उसे संविधान अनुच्छेद 184 के तहत मूल अधिकार क्षेत्र दिया गया है और अनुच्छेद 184 के सब सेक्शन (3) के तहत कोर्ट जो है वह सामाजिक सरोकार या मौलिक अधिकारों के हनन करने पर स्वतः मामलों को संज्ञान में ले सकता थे. यह अब तक मुख्य न्यायाधीश के विवेक पर छोड़ दिया गया था तो ये पावर हमारे यहां भी है और अन्य देशों न्यायालयों के पास भी है. लेकिन इसका सामान्यतः जो उपयोग कोर्ट तब करती है जब उसे लगता है कि सामाजिक स्तर पर किसी के अधिकारों का हनन हो रहा है या फिर सामाजिक सरोकार के मुताबिक यह काम होना चाहिए, तो वह कार्यपालिका को इसके जरिए निर्देशित करती थी कि कार्यपालिका जो कुछ भी उसे ठीक करने के लिए कर सकती है वो करे. जो दिशा-निर्देशिका होती है वो हर संविधान में होता है. अपने देश में भी है और पाकिस्तान में भी है और भी देशों के संविधान में हैं स्टेट पर जो उत्तरदायित्व फिक्स किया जाता है जिसके तहत वो मार्जिनलाइज्ड सेक्शन के लिए नीतियां बनाते हैं और इसके जरिये उसकी स्थिति में सुधार लाते हैं तो सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जो स्वतः संज्ञान लेने वाला मामला है वो सिर्फ और सिर्फ सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए मुद्दों के लिए होता न की राजनीतिक मुद्दों में हस्तक्षेप करने के लिए. पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने वहां पर सुओ मोटो का इस्तेमाल पंजाब में चुनाव कराने के लिए किया. अब समस्या ये है कि वहां पर राजनीति तौर पर उथल-पुथल हुई. इमरान खान को प्रधानमंत्री के पद से हटा दिया गया. वहां पर अब तक जो कानून है वो ये है कि जितने भी प्रांतीय और राष्टीय चुनाव हुए हैं वो सब एक साथ होते हैं जिसके लिए हमारे यहां बात होती रहती है...तो जब इमरान खाने के हाथों से प्रधानमंत्री का पद जा रहा था और उनको लगा कि अब सरकार गिरने वाली है तो उन्होंने सोचा कि जो सरकार आएगी वो इतनी जल्दी राष्टीय चुनाव तो करवाएगी नहीं. इमरान खान ने अपना गणित बिठाते हुए पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा की सरकार को बर्खास्त कर दिया चूंकि जब इन दो प्रांतों का चुनाव होगा तो स्वाभाविक तौर पर राष्टीय चुनाव भी कराना पड़ेगा. वहां के कानून के मुताबिक 90 दिनों के अंदर प्रांतीय चुनाव हो जाना चाहिए. लेकिन यह काम हो नहीं रहा था...तो जो पंजाब प्रांत के जो राष्टपति हैं उन्होंने 8 अप्रैल को चुनाव कराए जाने की घोषणा कर दी. इस पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया और मुझे लगता है कि अदालत का ये मूव गलत हो गया और जो भी चीफ जस्टिस थे उनका ये बाई पार्टिशन रोल था...तो ऐसे में न्यायालय का यह दायित्व बनता है कि वह अपना दामन पाक साफ रखे और राजनीतिक मसले में हस्तक्षेप नहीं करे. चूंकि एक बार अगर न्यायपालिका का राजनीतिकरण हो गया और ये होना ही था. मेरा मानना है कि ये न्यायालय का विशुद्ध राजनीतिकरण का ही मामला है. ऐसे में न्यायालय के ऊपर से तो जनता का भरोसा उठता ही है और किसी भी देश की पॉलिटिकल लीडरशिप यह चाहती है कि वह न्यायालय को अपने कब्जे में रखे...तो ये न्यायालय और कार्यपालिका के बीच में टकराव चलता रहता है. ये कभी जुडिशियल ओवररीच और आउटरीच का ब्लेम लगाते हैं, न्यायपालिका कहती है कि हम हस्तक्षेप करते हैं क्योंकि पॉलिटिकल लीडरशिप एक्शन नहीं लेती है...और उनका एक्शन नहीं लेना एक वैक्यूम क्रिएट करती है जिसे हम भरने का काम करते हैं...तो ऐसे में न्यायपालिका को बहुत ही फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत होती है. वो सोशल और क्लचरल मैटर में जहां तक हो सके हस्तक्षेप करे लेकिन उसे वैसे मुद्दों में दखलंदाजी नहीं करना चाहिए जहां पर राजनीतिकरण होने का ज्यादा स्कोप हो.*

# नहीं चाहिए ऐसी जानलेवा धार्मिकता...

**पटेल नगर सर्वोदय नगर स्नेह नगर के श्रद्धालुओं की भीड़ हवन में शामिल होने के लिये बढी और लोहे के गर्डर डाल कर बनी पुरानी छत सवा ग्यारह बजे भरभराकर गिर गयी. बस फिर क्या था इस छोटे से मंदिर में अफरा तफरी मच गयी. किसी को ये नहीं मालूम कि कितने लोग गिरे हैं और उन लोगों को निकाले कैसे. बावडी की दीवार से सटी सीढ़ियां भी थीं कुछ ने उससे उतरने की कोशिश की मगर वो भी टूट रहीं थीं. पहले पुलिस फिर नगर निगम के बचाव दल के लोग जब आये तो किसी को ये भी नहीं मालूम था कि इस बावड़ी के कुएं की गहराई कितनी होगी, उसमें पानी है या कीचड़ भरा है. छोटी रस्सियां और सीढ़ियां काम नहीं आयीं. शुरुआत में ऊपर गिरे कुछ लोग निकाले गये तो भोपाल तक सरकार को खबर दी गयी कि सब सुरक्षित हैं, 18 लोग निकाल लिये गये हैं और भी जल्द ही निकाल लिये जायेंगे मगर ये क्या जीवित लोग निकलने के बाद जब लाशें निकलने का सिलसिला शुरू हुआ तो खत्म होने का नाम नहीं लिया. साठ फीट गहरी अंधेरी संकरी से बावड़ी में जब नगर निगम के प्रयास नाकाफी दिखे इंदौर के पास महू से सेना को बुलाया गया और शवों की जो गिनती 10 से 15 पर आकर अटक गयी थी वो सुबह होते होते 35 तक जा पहुंची.**

रामनवमी पर इंदौर के बेलेश्वर झूलेलाल मंदिर में 36 लोगों की मौत, वहीं पाटन में बागेश्वर धाम के आयोजन में एक बच्ची की दम घुटने से मौत और महाशिवरात्रि पर सिहोर के कुबेरेश्वर धाम के आयोजन में तीन लोगों की मौत हुई थी. लगातार चल रहा मौतों का ये सिलसिला हमें बता रहा है कि पिछले कुछ सालों में देश भर में बढ़ रही धार्मिकता की हमारा समाज कितनी बड़ी कीमत चुका रहा है. शायद ये अब हम सबको अहसास हो रहा है कि अचानक हमारे आस पास के मंदिरों में भीड बढने लगी है. सूने पड़े मंदिरो में सोमवार की सुबह जल चढ़ाने आने वालों की संख्या बढ गयी है. मंगलवार और शनिवार को आपके मोहल्ले के हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का कई घंटों का अखंड पाठ होने लगा है. रामनवमी पर निकलने वाले लंबे जुलूस. नवरात्रि पर निकलती चुनरी यात्राएं. महाशिवरात्रि पर सड़कों पर शिव बारात की यात्राएं. शहर में हर कुछ दिनों में होने वाली कथाएं और उनके विशाल पंडाल. कथावाचकों की विशाल शोभायात्राएं और साधु तपस्वी से ज्यादा उनका मान सम्मान होना. अलग अलग जगहों पर बने धाम के नाम पर मंदिरों में लगने वाली भारी भीड़ और वहां होने वाली अव्यवस्थाओं को धर्म के नाम पर सहन करना. बता रहा है कि मेरा देश बदल रहा है और कुछ ज्यादा ही धार्मिक हो रहा है. इंदौर हादसे की जड़ में भी यही बढती धार्मिकता है. जब शहर के सर्वोदय नगर के बेहद छोटे से शंकरे मंदिर में नवरात्रि की नवमी के रोज दुर्गा प्रतिमा के सामने हवन करने पटेल नगर और स्नेह नगर के लोग उमड़ पड़े, बिना ये जाने की जिस छोटी सी जगह पर बैठकर वो हवन की पूर्णाहुति कर रहे हैं. वहां उनको अपनी जिंदगी की आहुति देनी पड़ जायेगी. दरअसल, पटेल नगर के पार्क के सामने की जमीन पर एक छोटा सा महादेव का मंदिर था, जिसे श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट चलाता था. मंदिर से सटी ही बावडी थी जिसका उपयोग पार्क के पौधों को पानी देने के लिये किया जाता था. मगर टस्ट की नजर बावड़ी पर थी और कुछ साल में जैसे ही इस बावड़ी का पानी कम हुआ तो इसे लोहे के गर्डर पर सीमेंट बिछाकर ढ़क कर मंदिर का जीर्णोद्धार का नाम दे दिया गया. अब ये मंदिर शिव मंदिर के साथ ही दुर्गा मंदिर भी हो गया. बावड़ी को ढक कर उसके तीन तरफ देवी देवताओं की मूर्तियां रख दी गयीं. बात इतने पर ही नहीं रूकी. कुछ सालों में ही इस मंदिर



के पास ही दूसरा बड़ा मंदिर भी ट्रस्ट बनाने लगा अब इसका जब स्थानीय रहवासियों ने विरोध किया तो नगर निगम ने ट्रस्ट को नोटिस भेजे मगर ट्रस्ट से जुडे नेताओं की पैठ बीजेपी में बढ़ते ही ये नोटिस नकारा साबित हो गये. पार्क की जमीन पर पहले छोटा मंदिर फिर उससे लगा पार्षद कार्यालय वहीं एक बड़ा मंदिर और मंदिर के चारों तरफ की फेंसिंग भी लगा कर बडी जमीन कब्जे में कर ली गयी. यह सब चूंकि पार्क की जमीन पर हो रहा था तो विरोध भी हल्का ही हुआ. नगर निगम के नोटिस के जवाब में ट्रस्ट ने कहा कि ये मंदिर सौ साल पुराना है पार्क से पहले का और जिसका जीर्णोद्धार जनता कर रही है. टस्ट ने यह भी दावा किया कि मंदिर से लगी बावड़ी का बेहतर रखरखाव कर उसे जनता को स्वच्छ पानी देने की कोशिश की जा रही है. ये बावड़ी जो बंद है उसे खोलने की कार्रवाई जल्द की जायेगी. बताया गया कि इस नवरात्रि पर मंदिर से जुडे प्रबंधन ने बोला कि मंदिर की मूर्तियां आने वाले दिनों में नये बन रहे मंदिर में रख दी जायेंगी इसलिये इस बार हवन पूजन भव्य होना चाहिये.

नवमी के रोज हवन का आयोजन मां दुर्गा की मूर्ति के सामने उसी कंक्रीट की छत पर हुआ जिसके नीचे बावडी दबी थी. पटेल नगर सर्वोदय नगर स्नेह नगर के श्रद्धालुओं की भीड़ हवन में शामिल होने के लिये बढी और लोहे के गर्डर डाल कर बनी पुरानी छत सवा ग्यारह बजे भरभराकर गिर गयी. बस फिर क्या था इस छोटे से मंदिर में अफरा तफरी मच गयी. किसी को ये नहीं मालूम कि कितने लोग गिरे हैं और उन लोगों को निकाले कैसे. बावडी की दीवार से सटी सीढियां भी थीं कुछ ने उससे उतरने की कोशिश की मगर वो भी टूट रहीं थीं. पहले पुलिस फिर नगर निगम के बचाव दल के लोग जब आये तो किसी को ये भी नहीं मालूम था कि इस बावड़ी के कुएं की गहराई कितनी होगी, उसमें पानी है या कीचड़ भरा है. छोटी रस्सियां और सीढ़ियां काम नहीं आयीं. शुरुआत में ऊपर गिरे कुछ लोग निकाले गये तो भोपाल तक सरकार को खबर दी गयी कि सब सुरक्षित हैं, 18 लोग निकाल लिये गये हैं और भी जल्द ही निकाल लिये जायेंगे मगर ये क्या जीवित लोग निकलने के बाद जब लाशें निकलने का सिलसिला शुरू हुआ तो खत्म होने का नाम नहीं लिया. साठ फीट गहरी अंधेरी संकरी से बावड़ी में जब नगर निगम के प्रयास नाकाफी दिखे इंदौर के पास महू से सेना को बुलाया गया और शवों की जो गिनती 10 से 15 पर आकर अटक गयी थी वो सुबह होते होते 35 तक जा पहुंची. सुबह करीब सवा ग्यारह बजे उस सुनील सोलंकी का आखिरी शव निकला जिसने बचाव कार्य में हिस्सा लिया था. हादसे का शिकार इस मंदिर के सामने पटेल नगर की गली के छह घरों से जब बारह लाशें उठीं तो पत्थर दिल इंसान भी पसीज कर सुबक उठे. ये सारे लोग गुजराती समाज के थे जिन्होंने मंदिर और अतिक्रमण का विरोध किया था. जिसका जवाब ट्रस्ट के लोगों ने नगर निगम को 25 अप्रैल के पत्र में लिख कर दिया था कि प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार का विरोध किया गया तो उन्माद फैल जायेगा. आज मंदिर के आसपास की गलियों में उन्माद तो नहीं शोक फैला है. कांग्रेस नेता कमलनाथ शनिवार को जब इस इलाके में गये तो महिलाओं ने कहा कि इस मंदिर पर बुलडोजर चलना चाहिए जब जब इस मंदिर की घंटी बजेगी हमारा दुख बढेगा. सरकारी जमीन पर जबरिया कब्जा कर स्थानीय जनता के विरोध की अनदेखी कर ऐसे मंदिर बनाकर हम कैसा समाज बनाना चाहते है. इंदौर की दर्दनाक घटना के बाद इस पर गंभीरता से सोचना होगा.

# मेघालय में बीफ और तमिलनाडु में हिंदी विरोध पर भाजपा ने क्यों साधी चुप्पी

मेघालय में बीफ को स्वीकारना और कर्नाटक-तमिलनाडु में हिंदी का विरोध होने पर यह कहा जा रहा है कि भाजपा इसे होने दे रही है. मेरा मानना है कि ये दोनों बातें पूरी तरह से सत्य नहीं हैं. चूंकि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का न तो बीफ पर बयान है और न ही इस समय जो तमिलनाडु में हिंदी की बात उठी है. ऐसा कहीं नहीं कहा गया है कि हम हिंदी को नहीं चाहते हैं. चूंकि विरोध करने का तो मतलब यही हुआ न कि हम हिंदी नहीं चाहते हैं. भारत विविधताओं से भरा देश है. बीजेपी का जो सांस्कृतिक राष्टवाद या जिसको आरएसएस एक तरह से हिंदू राष्ट कहती है. जहां तक मैंने पढ़ा और समझा है उसमें कहीं नहीं है कि पूरे देश में एक धर्म और एक भाषा को लागू करने की बात नहीं है. एकरूपता कभी भी भारतीय संस्कृति का अंग रहा नहीं है. आज हम हर चीज में भाजपा को शामिल कर देते हैं. मान लिया जाए कि कल बीजेपी नहीं हो तो क्या सभी पार्टियां गौ-हत्या और गोमांस खाने की इजाजत दे देंगी या हिंदी का मुद्दा केवल क्या भाजपा से जुड़ा हुआ है? मूल बात यह है कि कुछ क्षेत्रों में जहां आदिवासी रहते हैं और उनकी अपने अनुसार जिंदगी रही है. कुछ तो अज्ञानता के कारण रही है और कहीं ऐसा वायुमंडल है कि जिसमें कई सारी चीजें चलती रही हैं. उसमें रिफॉर्म की जरूरत है. समाज में जागरूकता और शिक्षा का फैलाव, अपनी धर्म-संस्कृति का पहुंचना और आदिवासी जिसको हम बोलते हैं जो वाकई वनवासी हैं उनके बीच तो अंग्रेजों के समय ईसाई पहुंचने लगे और उनका ईसाईकरण हुआ. देश में ज्यादातर तो ईसाई बहुल क्षेत्र हैं वो आदिवासी ही हैं. उनके हिसाब से उनकी संस्कृति धनी है, वो ठीक है. मेघालय में भाजपा के जो अध्यक्ष हैं और वो वहां के बड़े नेता हैं. उन्होंने कहा है कि मैं तो यहां गोमांस खाता हूं और मुझे तो किसी ने रोका नहीं. मेरा कहना है कि कोई रोकेगा नहीं क्योंकि रोकने से कोई रोकता नहीं है. चूंकि, वहां का वातावरण ही कुछ ऐसा है. लेकिन धीरे-धीरे इस बात को समझाना कि गोमांस क्यों नहीं खाना चाहिए? गाय का महत्व क्या है? तभी इसे हम रोक पाएंगे. गाय केवल धर्म का प्रतीक ऐसे ही नहीं बना है. आज भी यह साबित हो गया है कि हम जो प्राकृतिक खेती करते हैं और अगर हम एक देशी गाय पालते हैं तो उसके गोबर और पेशाब का उपयोग करेंगे. आप 5 एकड़ तक की खेती आप कर सकते हैं. लोगों ने प्रयोग किया है उसके आधार पर. उससे जो खाद बनाते हैं उसे कैसे बनाना है. कहने का मतलब है कि उसके दूध का बात तो छोड़ दीजिए, गोबर और पेशाब तक का महत्व है. लेकिन जो बातें साबित हो गई हैं उसके बाद भी हमारे देश में तो उसका मजाक उड़ाने की बात हो जाती है. इसलिए भारतीय जनता पार्टी के जिन राज्यों ने गौ-हत्या निषेध के कानून बनाए हैं और जहां तक मुझे याद है संभवतः ऐसा करने वाले 19 राज्य हैं तो उनमें मेघालय नहीं हो सकता है, त्रिपुरा नहीं है और ऐसे कई अन्य राज्य भी हैं जहां इसे लागू नहीं किया जा सकता है. उस पर समय लगेगा. लेकिन, बीजेपी क्या अगर इस देश की कोई भी पार्टी कहती है कि गाय का मांस खाना चाहिए तो उसे बहुमत समाज का समर्थन नहीं मिल सकता है. ये देश का वातावरण है और सदियों से हमारी संस्कृति का प्रतीक है और गाय की बहुत सारी विशेषताएं भी हैं. हमें इस इस रूप में देखना चाहिए. दूसरी बात ये है कि जो भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में शिक्षा नीति आई है उसमें कहीं भी हिंदी को थोपने की बात नहीं है. हिंदी राष्टभाषा के रूप में स्वीकृत हो और सभी लोग इसे पढ़ें और जानें. इसकी कोशिश तो उसमें है लेकिन अपनी मातृभाषा को पूरी तरह से सशक्त करना और उसे मातृभाषा में शिक्षा मिले तो ये तो पहली बार देश में हुआ है. मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षा या उसकी शिक्षा और कोई ओड़िशा में रहने वाला उड़िया में दे दे, बंगाल में रहने वाला बांग्ला भाषा में दे दे तो ये तो हमारे यहां बहुत पुरानी मांग थी. इन सब का अंग्रेजीकरण कर दिया गया. अंग्रेजी के कारण हिंदी का ज्यादा विरोध हुआ है. हमारे देश की ज्यादातर भाषाएं तमिल को छोड़ दीजिए तो संस्कृत से निकली हुई हैं. जाहिर है उनमें कोई टकराव नहीं है भाषाओं में. संस्कृति से निकली हुई हिंदी है तो हिंदी के साथ सामान्यतः दुराव नहीं है. ये तो अंग्रेजों की नीति और उसके बाद हमारे देश में शासन चलाने वालों की अदूरदर्शिता और समझ नहीं होने के कारण कि किस तरीके से हिंदी हमारे देश की प्रतिभाओं को बढ़ाएगी. हिंदी में कितना विशाल भंडार है ज्ञान का, शब्दों के भंडार हैं इसकी जानकारी नहीं होने के कारण अंग्रेजी के वर्चस्व को बढ़ावा मिला. हमारे यहां तो अंग्रेजी के अंकों तक को मान्य कर दिया गया जबकि अंग्रेजी भाषा में सिर्फ 26 लेटर ही हैं और हिंदी में 52 से 56 लेटर हैं और हमारे यहां अगर क लिखते हैं तो उसे क ही पढ़ते हैं, ख लिखते हैं तो ख ही पढ़ते हैं और ये दुनिया के किसी और भाषा में संभव नहीं हैं सिर्फ हिंदी में संभव है. भारत की जितनी भी क्षेत्रीय भाषा हैं सब उतनी ही समृद्ध हैं, सब में उतनी ही ज्ञान की बाते हैं और व्यक्ति जहां पैदा लेता है वहां के वातावरण का जो रिदम है उससे उसकी भाषा के संस्कार होते हैं. आप देखिये न कन्नड़ भाषा भी कितना सशक्त भाषा है. क्या नहीं है कन्नड़ के साहित्य में और जो तमिल भाषा है वो देश की सबसे पुरानी भाषा मानी जाती है. पहले तमिल संगम होते थे. भारत की संस्कृति का बहुत बड़ा भाग रहा है और यह उत्तर और दक्षिण की एकता रही है. लेकिन तमिल, कन्नड़ और मलयालम को कमजोर करके हिंदी को बढ़ावा देने की बात सरकार रही है ऐसा तो है ही नहीं. इसलिए एक नीति है कि लोग पहले अपने क्षेत्रीय भाषाओं पर आएं ताकि अंग्रेजी का वर्चस्व खत्म हो. जब क्षेत्रीय भाषाओं की ओर लोग आकर्षित होंगे तो उनका ध्यान हिंदी की ओर अपने आप होने लगेगा. अभी जो तमिलनाडु में विवाद हुआ है उसमें %दही% की कंपनी को वहां पर जो सरकारी विभाग है जो फूड स्टैंडर्ड की गारंटी देती है उसमें दही को हिंदी में लिखा जाए और उसे स्थानीय भाषा में ब्रैकेट में लिखा जाए...तो उसका अन्नाद्रमुक ने विरोध कर दिया है. चूंकि उनका हिंदी विरोध की राजनीति लंबे समय से रही है, उत्तर-भारत का विरोध, धर्म का विरोध करते रहे हैं. इसमें जो गैर राजनीतिक लोग हैं वो इसे ठीक से उठाएं. वहां इसे लेकर संघर्ष चलने दें कि राजनीतिक दल और सत्ता में होने के कारण बीजेपी द्रमुक को क्यों मौका देगी. हमें तो तमिल और हिंदी में बैर करना नहीं है. उसी को लेकर तो वहां हिंदी के अखबार जलाए गए, हिंदी के लोगों पर हमले हुए, दंगे हुए 70 के दशक में तो क्या उस परिस्थिति को बढ़ावा दिया जाए. सिद्धारमैया ने पूरे प्रदेश में जहां भी मेट्रो स्टेशन का नाम हिंदी में लिखा हुआ था उसे हटावा कर कन्नड़ और उर्दू में जबरदस्ती लिखवाए. देश में तो ये पूछा जाना चाहिए कि भाई इनको हिंदी और हिंदी वासियों से क्या समस्या है? सिद्धारमैया से पूछा जाना चाहिए कि उन्हें हिंदी से क्या विरोध है, कन्नड़ से विरोध नहीं, उर्दू से प्रेम है. इन सब को छोड़ कर हम लोग भाजपा को निशाने पर लेते हैं. आप बताइए कि देश के प्रधानमंत्री गुजराती हैं, गृहमंत्री गुजराती हैं और इस दौर में हिंदी के सम्मेलन हो रहे हैं.



# मोबाइल फोन आविष्कार के 50 साल पूरे

मोबाइल फोन के अविष्कार को 50 वर्ष पूरे हो गए. दुनिया में मोबाइल फोन का प्रवेश 1973 में हुआ था जब मोटोरोला के पूर्व उपाध्यक्ष और डिवीजन मैनेजर मार्टिन कूपर ने इसका सबसे पहले इस्तेमाल किया था...तब से लेकर अब तक मोबाइल फोन ने मानव इतिहास में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक तौर पर क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं...लेकिन इसके साथ-साथ कई तरह की चुनौतियां भी मुह बाए सामने खड़ी है और उसमें डाटा सुरक्षा का मुद्दा, कानून व्यवस्था और साइबर सुरक्षा का मुद्दा महत्वपूर्ण है....तो ऐसे में सवाल है कि मोबाइल फोन ने किस तरह से भारत में कानूनी तौर पर चुनौतियां पेश की हैं। मोबाइल फोन विज्ञान का एक बड़ा चमत्कार होने के साथ-साथ सामाजिक क्रांति और आर्थिक क्रांति का एक बड़ा माध्यम है. लेकिन इससे साइबर सुरक्षा और कानून के कई बड़े पहलू भी खड़े हो गए हैं. इसमें सबसे बड़ी बात ये है कि मोबाइल फोन हमारी सारी गतिविधियों का एक बहुत बड़ा केंद्र बन गया है. इसकी वजह से देश के जो कानून हैं वो बेमानी साबित हो रहे हैं, क्योंकि अब जब अंतरराष्टीय सीमाओं में मोबाइल फोन फैल गया है और कौन व्यक्ति कहां से व्यापार कर रहा है इस बात का फैसला करना बहुत ही मुश्किल हो गया है. यहां से अंतरराष्टीय चुनौती सामने आती है, क्योंकि मोबाइल फोन से जुड़े हुए जो तीन बड़ी बाते हैं उसमें एक है इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर. दूसरा जो बड़ी-बड़ी कंपनियां हैं ई-कॉमर्स और इंटरनेट की, मनोरंजन की वीडियो गेम्स की और तीसरा इससे जुड़ा जो व्यापार है. इन सभी बातों में किस तरह से कानूनी व्यवस्था लागू हो यह सरकार और संसद के सामने बहुत बड़ी चुनौती है यह तो एक पहलू है. दूसरा पहलू यह है कि जो कानून के दायरे में उम्र के इतने सारे बंधन थे कि ये व्यस्क है, ये नाबालिग है, फिल्मों के बारे में ये एडल्ट के लिए है और ये नॉन एडल्ट के लिए है तो ये सारे वर्गीकरण मोबाइल फोन के बारे में ध्वस्त हो गए हैं. तीसरी बड़ी बात ये है कि मोबाइल फोन में इतने ज्यादा वित्तीय लेनदेन हो रहे हैं यूपीआई के माध्यम से और भी अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों से तो इनमें जो नए सेक्टर हैं और उनके कंज्यूमर की सुरक्षा, मोबाइल धारकों की सुरक्षा है उसे लेकर जो हमारी कानूनी व्यवस्था है वो नाकाम साबित हो रही हैं.

इसके पीछे का कारण यह है कि संविधान में जो साइबर लॉ से संबंधित सातवीं अनुसूची में जो कानून है वो केंद्र सरकार के अधीन आता




है. लेकिन जो कानून और व्यवस्था का विषय है वो राज्यों के अंदर आता है और राज्यों के पास मोबाइल फोन से संबंधित जो भी बातें हैं, अपराध हैं उनसे निपटने के लिए उनके पास सही तकनीक और संसाधन नहीं हैं. केंद्र सरकार अपने स्तर से सारे नियमों को बनाती है लेकिन राज्यों के स्तर पर उसे लेकर सही समन्वय नहीं होने की वजह से चुनौती का सामना करना पड़ा रहा है. इसके अलावा मोबाइल फोन से जुड़े जो सामाजिक पहलू हैं और खास करके जो प्रतिबंधित बातें हैं यानी की जिन्हें सामाजिक तौर पर या कानूनी तौर पर मान्यता नहीं मिली है उनका भी विस्तार और कारोबार हो रहा है. उदाहरण के तौर पर ड्रग्स को ही ले लीजिए या फिर आप तमाम तरह के डेटिंग एप हैं, क्रिप्टो करेंसी है, कॉपीराइट्स का उल्लंघन का मामला है तो ये सारी नई तरह की चुनौतियां सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के सामने हैं...लेकिन मोबाइल फोन एक एक बहुत बड़ा क्रांति का माध्यम भी है...तो कहने का तात्पर्य यह है कि इसके आने से हमारी जो एक परंपरागत सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से बदल गई है. लेकिन जो नई व्यवस्था बन रही है उससे निपटने के लिए जो नियमों का नया तंत्र बनना चाहिए वो नहीं बन पाया है. यानी कि भारत सहित पूरी दुनिया एक तरह से ट्रांजिशनल फेज में है. भारत में अभी तक डाटा के सुरक्षा को लेकर कोई भी ठोस कानून नहीं बना है. इस बारे में सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों ने जस्टिस केएस पुट्टास्वामी मामले में 2009 में एक फैसला दिया था. लेकिन उसके बावजूद पिछले आठ सालों में सरकार और संसद से कानून नहीं बन पाया है. डाटा सुरक्षा को लेकर जस्टिस श्रीकृष्णा कमेटी बनी थी, संसदीय समिति भी बनी थी, ड्राफ्ट बिल भी पेश हुआ था. लेकिन अभी तक डाटा सुरक्षा को लेकर कोई कानून नहीं बना है. आईटी इंटरमीडियरी रूल्स के बेसिस पर केएन गोविंदाचार्य ने 2012 में दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी जिस पर मैंने बहस किया था और उस पर बहुत सारे आदेश भी हुए थे. बच्चों की सुरक्षा के लिए, डेटा की सुरक्षा के लिए, सरकारी डाटा की सुरक्षा को लेकर, सरकार की ईमेल पॉलिसी के बारे में, फिर चुनाव आयोग ने चुनाव के लिए सोशल मीडिया का गाइडलाइंस जारी किया. अभी दो साल पहले सरकार ने आईटी इंटरमीडियरी रूल्स जारी किए हैं जिसके तहत वैसी कंपनियां जिनका कारोबार मोबाइल फोन के माध्यम से अधिक होता है और जिन्हें इंटरमीडियरी बोलते हैं उन्हें तीन तरह के अधिकारियों की नियुक्ति करनी है. जिसमें उन्हें कॉप्लाइंस ऑफिसर, ग्रीवांस ऑफिसर और नोडल ऑफिसर को पदस्थापित करना है और उसका विवरण देना है लेकिन उसके बारे में अभी तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है कि उन नियमों का कितना पालन हो रहा है...तो हमारे यहां अभी ये मौजूदा व्यवस्था है. चूंकि संसद और सरकारें जब तक जागरूक होती हैं तब तक नया वर्जन और नई चीजें सामने आ जाती हैं. मोबाइल फोन और इंटरनेट अब छोटी चीजें हो गई, अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की नई चुनौती सामने आ गई है.

# नवागत डीआईजी श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु ने डीआईजी ग्वालियर का पदभार ग्रहण किया





**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु,भापुसे द्वारा प्रातः 11:30 बजे झांसी रोड स्थित कार्यालय में डीआईजी ग्वालियर रेंज का पदभार ग्रहण किया गया। नवागत डीआईजी ग्वालियर द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरान्त कार्यालयीन स्टॉफ से उनका परिचय प्राप्त किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल, अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश दंडोतिया एवं सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध श्री षियाड़ के.एम.,भापुसे उपस्थित रहें और उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा नवागत डीआईजी ग्वालियर रेंज का स्वागत किया गया। नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों से जिले में कानून व्यवस्था तथा अपराधों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।राज्य शासन द्वारा दिनांक 25.03.2023 को जारी आदेश में श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु,भापुसे को डीआईजी ग्वालियर के पद पर पदस्थ किया था। नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक इसके पूर्व पुलिस उप महानिरीक्षक एसएएफ(सेंट्रल रेंज) भोपाल के पद पर पदस्थ थीं। जिनके द्वारा आज दिनांक 04.04.2023 को राज्य शासन के आदेश के अनुक्रम में डीआईजी ग्वालियर रेंज का विधिवत पदभार ग्रहण किया गया। श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु,भापुसे वर्ष 2007 बैच की भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी हैं।

# महाविद्यालय खैरलांजी में भूतपूर्व छात्र संगठन का हुआ गठन

**पुष्पांजली टुडे न्यूज
बालाघाट
खैरलांजी**




राज्य परियोजना संचालनालय तथा विश्व बैंक परियोजना एवं उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के तत्वाधान में 04 अप्रैल को वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में भूतपूर्व छात्र संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। दिनेश कुमार बनोठे ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में मीटिंग का निर्देशन भूतपूर्व छात्र संगठन के संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य के.एल. हिवारे के द्वारा किया गया। मीटिंग में छात्र-छात्राओं की सर्वसम्मति से भूतपूर्व छात्र समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष गुलशन झारिया उपाध्यक्ष बलेश लिल्हारे ,सचिव अक्षय मसखरे, सह सचिव अहर्त धमगाये सदस्य, विशाल गजभिये सदस्य त्रिशरण घोड़ेसवार को बनाया गया! उक्त समिति के गठन के समय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश कटरे , संयोजक रोहित कुमार पाण्डेय सहायक प्राध्यापक शमिम सर, अशोक टेम्भुरणे, वीरेन्द्र पटले, बुद्धवर्धन फुलमारे सर, श्रीमति रोहिणी देवी पटले, पूनम गुप्ता, कृति वोहरा, अल्का हिरकने, आकाश, दिनेश, दुर्योधन जी उपस्थित रहे तथा नवनिर्मित समिति को शुभकामनाएं प्रदान की।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बालाघाट में 01 लाख 67 हजार 385 महिलाओं के भरे गए आवेदन

**पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं के आवेदन भरने का कार्य जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में किया जा रहा है । आज मंगलवार 04 अप्रैल 2023 को जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पात्र महिलाओं के आवेदन भरवाये गये है। आज 04 अप्रैल को दोपहर तक बालाघाट जिले में 01 लाख 67 हजार 385 महिलाओं के आवेदन भरे जा चुके हैं। जिले में इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं के आवेदन भरने का कार्य 25 मार्च से प्रारंभ किया गया है, जो 30 अप्रैल 2023 तक चलेगा।महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री वंदना धूमकेती ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत लांजी की ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक 21 हजार 518 और सबसे कम 10 हजार 23 महिलाओं के आवेदन जनपद पंचायत बैहर की ग्राम पंचायतों में भरे गए हैं । जनपद पंचायत बालाघाट में 15 हजार 852, बिरसा में 13 हजार 773, कटंगी में 18 हजार 246, खैरलांजी में 15 हजार 143, किरनापुर में 17 हजार 805, लालबर्रा में 14 हजार 50, परसवाड़ा में 10 हजार 798 और जनपद पंचायत



वारासिवनी में 16 हजार 420 महिलाओं के आवेदन भरे हैं । जिले के नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका क्षेत्र बालाघाट में 3771, मलाजखंड में 3102, वारासिवनी में 1892, बैहर में 1919, कटंगी में 1504 और लांजी में 1569 महिलाओं के आवेदन भरे गए हैं। जनपद पंचायत बैहर के अंतर्गत्ड़ ग्राम पंचायत धीरी में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत शैडो एरिया (ऐसे क्षेत्र जहां पर नेटवर्क नहीं मिल रहा है) की महिलाओं को कवरेज एरिया में लाकर आवेदन भरवाने का कार्य किया जा रहा हैउल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत 23 से 60 वर्ष की आयु की विवाहित, विधवा, परित्यक्ता महिलाओं को हर माह 1000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी । इस योजना में वही महिलाएं पात्र होंगी जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से कम है, परिवार के पास 5 एकड़ से कम कृषि भूमि है और परिवार में कोई आयकर दाता नहीं है। इस योजना में सहायता राशि पात्र महिला के आधार नंबर से लिंक बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी । 10 जून 2023 से इस योजना की राशि महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो जाएगी और हर माह की 10 तारीख को यह राशि महिलाओं के खाते में जमा की जाएगी।

# महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री ममता भिलवार ने मुख्यमन्त्री से भेंटकर लाडली बहना योजना की सौगात के लिए जताया आभार



**ग्वालियर।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती ममता भिलवार ने भोपाल में मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान से भेंटकर उन्हें लाडली बहना योजना की सौगात देने के लिए ग्वालियर चंबल क्षेत्र की सभी महिलाओं की और से उन्हें बधाई देते हुए हार्दिक बधाई देते हुए कोटिश॰ आभार व्यक्त किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारौलिया ने श्रीमती ममता भिलवार को लाडली लक्ष्मी योजना का मध्यप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। श्रीमती ममता भिलवार ने इस दायित्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस योजना का लाभ अधिकाधिक महिलाओं को दिलाने का संकल्प व्यक्त किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती ममता भिलवार ने मुख्यमन्त्री से महिलाओं के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए इस बात पर खुशी जताई कि प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार पूरी तरह से महिलाओ के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश की महिलाओं ने नवम्बर 2023 के चुनाव में एक बार पुन॰ भारी मतों से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया है।

# थाना असवार पुलिस ने अपहृता पीडिता को कायमी के 24 घण्टे के अन्दर दस्तयाव किया

**पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शैलेन्द्र सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक भिण्ड के निर्देशन मे चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत एवं कमलेश खरपूसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड एवं अवनीश बंसल एसडीओपी लहार के मार्गदर्शन मे दिनांक 3 अप्रेल 2023 को फरियादी अजय सिंह दोहरे पुत्र दोहरे उम्र 41 साल निवासी ग्राम चिरूली ने रिपोर्ट की कि मेरी भानजी उम्र करीबन 17 साल जो दिनाँक 2 अप्रेल 2023 कि रात्रि मे घर ग्राम चिरूली से बिना बताये कही चली गई है जिसकी रिपोर्ट पर थाना हाजा पर मतोले अप.क्र. 15/23 धारा 363 भा.द.वि. का अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध कायम कर विवेचना मे लिया गया था विवेचना के दौरान अपहृता पीडिता को कायमी के 24 घण्टे के अन्दर थाना असवार की पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए दस्तयाव किया गया है।

**सराहनीय भूमिका** – उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक वैभव सिंह तोमर,सहायक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह - ( सायबर सैल ), कार्यालय सहायक उपनिरीक्षक गम्भीर सिह,कार्यालय प्रधान आरक्षक योगेन्द्र सिह, आर.राहुल यादव (सायबर सैल), आरक्षक सतेन्द्र कुमार, आरक्षक अमित शर्मा, आरक्षक देव्यानी, आरक्षक चालक इन्द्रपाल की सराहनीय भूमिका रही।

# शहर में सुगम यातायात के लिये संयुक्त रूप से हो प्रयास : संभागीय आयुक्त



ग्वालियर 7 शहर में सुगम यातायात के लिये जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम का अमला नियमित रूप से कार्य करे। शहर में निर्मित पार्किंग स्थलों का शतप्रतिशत उपयोग हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह एवं एडीजी पुलिस श्री डी श्रीनिवास वर्मा ने संयुक्त रूप से सोमवार को यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए यह बात कही।

संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कहा कि शहर में यातायात प्रबंधन के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अपर आयुक्त नगर निगम एवं एसडीओपी पुलिस का दल गठित कर नियमित यातायात की व्यवस्थाओं के लिये प्रयास किए जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग का शतप्रतिशत उपयोग हो, इसके भी सार्थक प्रयास किए जाएँ। संभागीय आयुक्त सिंह ने कहा कि शहर में विभिन्न सड़कों एवं चौराहों पर जो वाहन खड़े होते हैं उनके लिये खुले स्थान चिन्हित किए जाएँ जहाँ पर मंथली शुल्क लेकर स्थान उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिये नगर निगम एवं जिला प्रशासन के अधिकारी शहर में खुले एवं बड़े स्थानों का चयन करें ताकि वाहनों को वहाँ पर पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में स्कूल बसों के संचालन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। शहर में 32 सीटर से अधिक सीटों वाली बसों का संचालन न करने के संबंध में पूर्व में निर्णय लिया गया है। एडीएम एवं एडिशनल एसपी अपने स्तर पर समीक्षा कर उक्त निर्णय का पालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी स्कूल बसों के ड्रायवर एवं कंडक्टरों का पुलिस वैरीफिकेशन भी अनिवार्यत॰ कराया जाए। ई-रिक्शा के संचालन के संबंध में निर्णय लिया गया कि इनके रूट निर्धारण के संबंध में जिला यातायात समिति में प्रस्ताव रखा जाए। सर्वसम्मति से निर्णय के पश्चात ई-रिक्शा के लिये रूट निर्धारण करने और उसका पालन सुनिश्चित करने की कार्रवाई की जाए। ॅबैठक में लेफ्ट टर्न फ्री करने, ब्लैक स्पॉट को ठीक करने के साथ ही यातायात के लिये जहाँ आवश्यक हो वहाँ शाइनेज लगाने के निर्देश भी दिए गए। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर शहर में ई-चालान के माध्यम से अब तक 4 करोड़ 17 लाख रूपए की राशि पुलिस विभाग द्वारा वसूल की गई है। इसके साथ ही ई-चालान घर तक पहुँचाने के लिये भी पुलिस विभाग के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है। एडीजी पुलिस डी श्रीनिवास वर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के साथ-साथ आम जनों में यातायात के प्रति जागरूकता बड़े, इस दिशा में भी प्रयास किए जाएँ। जहाँ आवश्यक है वहाँ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएँ। शहर की प्रमुख सड़कों पर लेफ्ट टर्न फ्री कराए जाएँ और वहां पर शाइनेज भी लगाए जाएँ। बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने भी यातायात प्रबंधन के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने बताया कि नगर निगम के माध्यम से शहर के यातायात प्रबंधन के लिये कार्य किया जा रहा है।

# लाड़ली बहना योजना एवं डीएफएस की जन सुरक्षा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु डीएलसीसी की बैठक संपन्न

**पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में लाड़ली बहना योजना एवं डीएफएस की जन सुरक्षा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, एलडीएम प्रताप सिंह, समस्त बैंकों के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में लाड़ली बहना योजना एवं डीएफएस की जन सुरक्षा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के कार्य में बैंकों की अधिक से अधिक भागीदारी करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।कलेक्टर ने कहा कि



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत् जिले में महिलाओं के खाते से आधार लिंक करने, खाता खोलने तथा डीबीटी इनेबल्ड का कार्य बैंकों द्वारा किया जाना है। डीबीटी के लिए महिलाओं की सूची बैंकों को उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं के नये खाते खोलने, खातों को आधार से लिंक करने एवं डीबीटी इनेबल्ड करने का कार्य प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को असुविधा न हो इसके लिए सभी शाखाएं अपनी शाखा में विशेष काउंटर और टीम को बड़ाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में अपनी टीम लगाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकते हैं।

# यूथ वर्ल्ड एक्सिलेंसी अवॉर्ड समारोह का आयोजन होगा दिल्ली में , समाज सेवी डॉ महेंद्र सिंह राजपुरोहित होंगे मुख्य अतिथि

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल
सैणचा ब्यूरो सीफ**




दिल्ली ॑यूथ वर्ल्ड सोशल मंच द्वारा 15 अप्रैल 23 को दिल्ली में होने वाले यूथ वर्ल्ड एक्सीलेंसी अवॉर्ड समारोह 2023 के भव्य आयोजन की जानकारी देते हुए यूथ वर्ल्ड सोशल मंच के राष्ट्रीय प्रमुख डॉ भैरु सिह सरवड़ी ने बताया की .यूथ वर्ल्ड सोशल मंच सदैव सकारात्मक कार्यो में सक्रिय रहता है वही मंच देश भर से प्रतिभाओ के प्रोतसाहन के लिए समय समय पर सेमिनार और अवॉर्ड समारोह के आयोजन कर प्रतिभाओ को मंच प्रदान करता है जिससे प्रतिभाओ को एक दूसरे से मिलने और विचारों का आदान प्रदान करने का अवसर प्राप्त होता है ।यूथ वर्ल्ड सोशल मच द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में यूथ वर्ल्ड एक्सीलेंसी अवॉर्ड समारोह का आयोजन 15 अप्रैल 23 को लाजपत भवन सभागार में किया जा रहा है जिसमे देशभर से अलग अलग फील्ड की उत्कृष्ठ 51 प्रतिभाओ का चयन किया गया है , उन्हें यूथ वर्ल्ड एक्सीलेंसी अवॉर्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा । वही इस भव्य आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाज सेवी राजपुरोहित गौरव डॉ महेंद्र सिंह राजपुरोहित बेन्नूर रामासनी बाला ( हिगोंला जिला जोधपुर ,राष्टपति अवार्डी दिल्ली सिविल डिड़ेंस के चीड़ राजेन्द्र कपूर , महामहोपोध्याय पण्डित राजेन्द्र शास्त्री राजकोट , दिल्ली सब डिविजनल मजिस्ट्रेट गौरव सैनी , वरिष्ठ कवि सुख सिह आऊवा , मंडोली जेलर विनोद यादव के साथ देश भर से कई नामचीन हस्तियां अतिथि के रूप में शिरकत करेगी और अपने कर कमलों से प्रतिभाओं को सम्मानित करेगी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478